वर्ष- 21 अंक - 242 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12



दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

महाशिवरात्रि

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 15 फरवरी 2026

# महाकाल से काशी विश्वनाथ तक गूंजा हर-हर महादेव

## महाशिवरात्रि

### दर्शन के लिए उमड़ी लाखों की भीड़, संगम में भी आस्था का स्नान



रविवार ● एजेंसी

आज महाशिवरात्रि पर उज्जैन से काशी विश्वनाथ तक और इंदौर से देश के कोने-कोने तक हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में आधी रात को 2:30 बजे भस्म आरती के साथ 44 घंटे के लिए दर्शन शुरू हुए। भस्म आरती के दौरान मंदिर की लाइटें बंद कर दी गईं और केवल दीयों की रोशनी में बाबा के दिव्य दर्शन कराए गए। कल महाकाल की भस्म आरती दोपहर 12 बजे होगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी आज अपने परिवार के साथ महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती और पुष्पवर्षा के बीच लाखों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद ले रहे हैं। यहां सुबह 9 बजे तक 4 लाख भक्त दर्शन कर चुके थे। उधर प्रयागराज में माघ मेले का अंतिम स्नान आज हो रहा है। यहां भी संगम में स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## शपथ समारोह के लिए बांग्लादेश नहीं जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बांग्लादेश में बीएनपी नेता तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने भारत, पाकिस्तान सहित 13 देशों को निमंत्रण भेजा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी शपथ समारोह में नहीं जाएंगे, क्योंकि उसी दिन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ उनकी अहम बैठक और एआई समिट में भागीदारी तय है, जिससे ढाका जाना मुश्किल दिख रहा है।

## सिंगापुर से भारत आ रहे प्लेन में धमाके की धमकी से हड़कंप

**हैदराबाद.एजेंसी।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गईं। संदेश में सिंगापुर से आने वाली एक यात्री उड़ान का जिक्र करते हुए विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। ईमेल भेजने वाले ने खुद को एक संगठन से जुड़ा बताते हुए दावा किया कि विमान में प्रतिबंधित उग्रवादी समूह से कथित तौर पर जुड़े लोग सवार हैं और विमान के पहुंचने पर हवाई अड्डे के टर्मिनल पर विस्फोट की धमकी दी।

### बम की धमकी के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

असम के डिब्रूगढ़ से कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइन की एक फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली है। यह धमकी इंडिगो की फ्लाइट के अंदर वॉशरूम में लिपस्टिक से एक नोट में लिखा हुआ था। विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद इसकी तुरंत ही इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

## महाशिवरात्रि पर आज महामुकाबला



### टीम इंडिया की जीत के लिए उज्जैन में हवन-पूजन

### सुपर संडे पर भारत-पाक के बीच दो मुकाबले




**उज्जैन.एजेंसी।** क्रिकेट फैंस के लिए आज सुपर संडे पर भारत और पाकिस्तान के बीच एक नहीं, बल्कि दो-दो मुकाबले खेले जाएंगे। एक ओर कोलंबो में जहां टी20 विश्व कप का हाई-वोल्टेज मुकाबला होगा, तो दूसरी ओर महिला क्रिकेट में इंडिया ए और पाकिस्तान ए की टीमें एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान की सीनियर पुरुष टीमें भिड़ेंगी। भारत-पाकिस्तान टी20 विश्व कप मुकाबला सिर्फ एक मैच नहीं, एक वैश्विक इवेंट है, लेकिन अगर बारिश ने दखल दिया और 5 ओवर का खेल भी नहीं हो पाया, तो दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटकर संतोष करना पड़ेगा। अगर मैच हुआ तो यह हाई वॉल्टेज भिड़ंत होगी। इस मैच में टीम इंडिया की जीत के लिए उज्जैन के अंगारेश्वर मंदिर में विशेष पूजन-हवन टीम इंडिया के खिलाड़ियों के फोटो के साथ किया गया।

## भारत में कल से एआई समिट

### 7 राष्ट्रपति, 2 उपराष्ट्रपति, 9 प्रधानमंत्री और कई सीईओ आएंगे

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत में कल से पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट शुरू होने जा रहा है। इस इवेंट में दुनियाभर के लोग शामिल होंगे, जिनकी संख्या करीब 2 लाख है। इसमें 7 देशों के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और 9 देशों के प्रधानमंत्री और टेक कंपनियों के सीईओ शामिल होंगे। ये टेक्नोलॉजी जगत का एक बड़ा इवेंट है, जिसको लेकर भारत में बड़ी तैयारी की गई है। यह शिखर सम्मेलन तीन सूत्रों लोग, पृथ्वी और प्रगति पर आधारित है। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर सहयोग को लेकर भारत के नजरिये को दिखाता है।

## अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की लाश मिली



**कैलिफोर्निया. एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया करीब 6 दिन से लापता थे और अब उनके शव को बरामद किया गया है। कर्नाटक के रहने वाले साकेत श्रीनिवासैया, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में केमिकल और बायोमोलेक्यूलर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे और 9 फरवरी को लापता हो गए। उन्हें आखिरी बार बर्कले हिल्स इलाके में स्थित लेक अंजा के पास देखा गया था। यहीं पर साकेत की लाश मिली। साकेत का शव भारत लाने की तैयारी चल रही है।

## सिंधु के बाद चिनाब पर ऑपरेशन सवालकोट से दहला पाकिस्तान

**श्रीनगर.एजेंसी।** चिनाब नदी पर बनने वाले सावलकोट जलविद्युत परियोजना को लेकर पाकिस्तानी मीडिया में हड़कंप मचा हुआ है। यह प्रोजेक्ट इसलिए बेहद अहम माना जा रहा है कि यह सिंधु जल संधि को ठंडे बस्ते में डाले जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में शुरू की गई पहली बड़ी रणनीतिक परियोजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने चिनाब नदी पर 1,856 मेगावाट की इस जलविद्युत परियोजना को आधिकारिक रूप से शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी।

## बलूच आर्मी ने 7 पाकिस्तानी सैनिकों को पकड़ा

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने 'ऑपरेशन हेरोफ' के दूसरे चरण में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के जवानों को पकड़ा है। बीएलए ने कहा है कि उसके पास 7 पाकिस्तानी सैनिक हैं और अगर कैदी अदला-बदली शुरू नहीं हुई तो एक हफ्ते के भीतर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है।

## किडनैप हुई बिठनी 65 साल बाद घर लौटीं



**हरदोई.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में 15 साल की लड़की बिठनी को डकैतों ने 1961-62 में किडनैप कर लिया था। किडनैपिंग के बाद डकैत लड़की को जंगलों में लेकर घूमते रहे और बाद में एक व्यक्ति को सौंप दिया। इस घटना के 65 साल बाद 80 साल की उम्र में वो घर पहुंची हैं।

## हर सेकंड में पांच किस

**रविवार.एजेंसी।** एक ब्रिटिश कपल जोशुआ और जेनी ने महज 30 सेकंड में 146 किस किए। यानी लगभग हर सेकंड में पांच किस किए। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर फिर वायरल हुआ। इन दोनों ने 20 अगस्त 2025 को ज्यादा से ज्यादा किस करने का रिकॉर्ड बनाया था जिसका वीडियो कल वैलेंटाइन डे के मौके पर फिर वायरल हुआ।



# कुश्ती दंगल के पहले राजनीतिक मंगल करने पहुंची भाजपा की तिकड़ी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वैष्णो धाम मंदिर मैदान में अग्रवाल पब्लिक स्कूल के पास, पिपलियाहाना के आगे कल 16 फरवरी को कई पहलवान कुश्ती में शिरकत करेंगे। सोमवार को आयोजन होगा और शनिवार को कुश्ती दंगल परिसर के लिए भूमिपूजन किया गया। इसमें राजनीतिक तिकड़ी सुमित मिश्रा, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला पहुंचे और उन्होंने अखाड़ा खोदकर भूमिपूजन किया। शुरूआत गोलू शुक्ला ने की, तो मधु वर्मा ने सुमित मिश्रा का हाथ पकड़ा और अखाड़ा की तरफ ले गए और एक ही खोदने वाले फावड़े से सुमित मिश्रा और मधु वर्मा ने फावड़ा चलाकर शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में पहलवान और समर्थक व आयोजक मौजूद थे। इस तरह कुश्ती के दंगल के पहले अपना राजनीतिक मंगल करने की जुगत इस भाजपा की तिकड़ी ने की। इस दौरान मानसिंह यादव, नीतेश जैन, मुकेश मंगल सहित अन्य मौजूद थे।

## हल्दी-कुमकुम आयोजन में महिलाओं के बीच रहे विधायक और अध्यक्ष



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 3 के वार्ड 58 स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, अहिल्या पल्टन पर आयोजित हल्दी-कुमकुम एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह में बतौर अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्तियों के बीच मंच पर विधायक, अध्यक्ष के अलावा प्रवक्ता आलोक दुबे, नितिन शर्मा, राजूसिंह चौहान भी मौजूद रहे।

## झेडआरयूसीसी की बैठक में इन्दौर की रेल समस्या उठेगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति प. रेल्वे मुम्बई के सदस्य अजीतसिंह नारंग एवं पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने बताया कि 17 फरवरी को मुम्बई में क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता सलाहाकार समिति की बैठक में इन्दौर की रेल ज्वलंत समस्याओं को रखा जायेगा। इन्दौर से चलने वाली पहना दिल्ली रोहिल्या एवं जयपुर, नागपुर हावडा, पुरी बीकानेर और दुरन्तों ट्रेनों को इन्दौर से प्रतिदिन चलाया जाये। इन्दौर-भोपाल रेलमार्ग पर सुबह 10 बजे के आसपास पौनी तरफ ट्रेन चलाई जाये। इन्दौर छिंदवाडा पैभवेली एक्सप्रेस कोचेरा तक बढ़ाये जायें। इन्दौर भामपुर दो दिवसीय ट्रेनों को रामपुर तक बढ़ाया जावे। प्रतापगढ़-भोपाल एवं लखनऊ मोपाल, ट्रेनों को इन्दौर तक बढ़ाया जाए। अम्बेडकर नगर महू प्रयागराज एक्स को उचाहार तक बढ़ाया जाये। इन्दौर रेल्वे स्टेशन के निर्माण कार्यों को 24 घंटे चलाया जाये जिससे निर्माण को गति गिल सके। इन्दौर से अजमेर के लिये ट्रेने बढ़ाई जाये। कोरानाकाल में बंद इन्दौर-नागदा ट्रेन को पुनः चालू किया जाये। अम्बेडकर नगर भोपाल इन्टर सिटी ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन तक बढ़ाया जाए तथा भविष्य में इस ट्रेन को इटारसी तक की जायें। बढ़ते दवाब और इन्दौर शहर कि आबादी बढ़ने से सियागज रेल्वे स्टेशन कि ओप आरक्षण कार्यालय स्थापित किया जायें। उपरोक्त मुद्दों को मुम्बई में आयोजित बैठक में रखते हुये उनके निराकरण की मांग की जायेगी।उक्त पूर्ण जानकारी जगमोहन वर्मा एवं अजीतसिंह नारंग ने दी।

## महापौर और विधायक को बताई समस्याएं



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा पांच के वार्ड 41 में कल जनता चौपाल के दौरान मंगल मूर्ति रहवासी संघ के अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने रहवासी और पदाधिकारी आशीष पाटीदार, जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, हरीश कपूर, बापुलाल पाटिल, शिरिश जैन, गुंजन कुंठे, संदीप जैन, जयवर्धन सिंह राठोड़ के साथ पहुचकर वहां की जनसमस्या महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद प्रणव मंडल को बताई। खासतौर से ड्रेनेज और नर्मदा लाइन अलग-अलग करने की बात भी हुई।

## सेवा भवन का भूमिपूजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सर्वेश्वर सेवा फाउंडेशन एवम विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत द्वारा सेवा भवन का भूमि पूजन किया गया। विमल सोडानी, प्रकाश सोडानी, बजरंगलाल बांगडा, मिलिंद परांडे, कोटेश्वर शर्मा, प्रकाश सास्त्री, मुकेश जैन, विनोद शर्मा, खगेन्द्र भार्गव, गन्नी चौकसे मौजूद थे।

## एमआईसी सदस्य ने रवाना करवाई धार्मिक यात्रा पर 11 बसें



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने अपने पार्षद वाले वार्ड 47 के संत बालीनाथ नगर पंचम की फेल, न्यू देवास रोड, वल्लभ नगर और वार्ड के करीब 500 से अधिक श्रद्धालुओं से भरी 11 बसों को सांवरिया सेठ, पशुपतिनाथ, भादवा माता के दर्शन के लिए रवाना किया। कुछ महिलाओं ने तो नन्दकिशोर पहाड़िया को श्रवणकुमार की संज्ञा दी।



## भागीरथपुरा मुद्दे पर सर्व विकास संघ ने की बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कांग्रेस नेता और सर्व विकास संघ के दीपक मलोरिया रानू ने भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई कई लोगों की मृत्यु के मामले में बैठक आयोजित की। बैठक में यह मुद्दा उठा कि भागीरथपुरा दूषित जल मामले में एकजुट होकर सामाजिक संगठन सामने नहीं आए है, जबकि सामाजिक संगठनों को मुद्दा उठाने से लेकर सहयोग करने तक के लिए एकजुट होकर सामने आना था। पूर्व में कई मुद्दों पर सामाजिक संगठन सामने आए थे जिसमें निर्भया रैप कांड, भोपाल गैस कांड जैसे मुद्दे भी शामिल है। बैठक में दीपक मलोरिया रानू, सुनील कौरी, रोहित, बंटी बिगोलियां,सतीश मुकेश वर्मा,गोपाल राव ,चंद्रशेखर ध्रुकर,आशीष यादव,राजा कश्यप, अमित यादव, पूनम सवारियां,नेमीचंद साध,सतीश पुलेरिया ,मनोहर यादव, महेश खटीक(मेशू), प्रवीण सूर्यवंशी मौजूद थे।

# सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों पर नहीं हो रही है कार्रवाई-कांग्रेस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संतोषसिंह गौतम ने मीडिया से चर्चा कर आरोप लगाया कि सांवेर तहसील में सरकारी जमीनों पर कब्जा सत्तारुढ़ लोगों द्वारा किया जा रहा है।

लगातार इस मामले में प्रमाण के साथ शिकायत करने की बात भी गौतम ने बताई। एक तरफ सरकार सुशासन लाने की बात करती है, दूसरी तरफ उनके ही लोग ग़लत कार्य को अंजाम दे रहे है। गौतम ने बताया कि भाजपा से जुडे कुछ लोग जमीनों की बंदरबांट कर जमीन हडपने का काम कर रहे है और गोरखधंधा चला रहे है।



भाजपा नेता पर आरोप लगाया कि सांवेर तहसील के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया गया है। इस मामले में सांवेर केशरियापुरा निवासी भी अधिकारियों को लिखित शिकायत कर चुके है, फिर भी सरकारी जमीन पर निर्माण करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पूर्व प्रवक्ता कांग्रेस नेता संतोषसिंह गौतम ने कहा कि अधिकारी सत्ताधारी इशारे पर काम कर रहे है। गौतम ने कहा कि इस मामले में शिकायतकर्ता संतोष कुमावत ने भी 6 अगस्त 2024 में प्रशासन को शिकायत की थी। जमीनों में सम्पत्तिकर गलत नाम से भरकर वह सम्पत्ति भी भाजपा नेता अपने परिवार के नाम से बता रहे है। गौतम ने कहा कि विक्रय पत्र तैयार किया गया। गौतम के मुताबिक संतोष कुमावत ने दूसरी भी शिकायत की है, उसमें भी कार्रवाई नहीं हो रही है। भाजपाई दबाव-प्रभाव से तीनों मामलों को दबाने की कोशिश कर रहे हैं यहां तक कि वास्तविक कागज मांगे जा रहे है, वे भी दबाए जा रहे है। शिकायतकर्ता ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संतोषसिंह गौतम के साथ मीडिया को पूरी जानकारी दी और कहा कि ना तो दस्तावेज मिल रहे है और शिकायतों का निराकरण भी नहीं हो रहा है। शासकीय भूमि से अवैध कब्जे भी नहीं हट रहे है। उक्त पूर्ण जानकारी संतोषसिंह गौतम द्वारा दी गई।

# मुराई मोहल्ला के मकान गिरने में कांग्रेस की इन्ट्री हुई तो भाजपाई भी आए सामने







## चौकसे ने लगाया निगम पर आरोप

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छावनी क्षेत्र के मुराई मोहल्ला में एक मकान गिर गया और दो मकान भी कुछ क्षतिग्रस्त हुए। कांग्रेस का कहना है कि यह तो गनीमत है कि मकान में कोई नहीं था नहीं तो निगम के ड्रेनेज काम के कारण गिरे मकान पर अंगुलियां उठ जाती। मकान गिरा तो उसके बाद कांग्रेस नेता नीलेश सेन शैलू ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को जानकारी देकर बुलवा लिया था। इस कारण कई कांग्रेसी भी वहां पहुंच गए थे। इधर भाजपा नेता सुमित तलरेजा ने भी मोर्चा थाम लिया था और कांग्रेस व भाजपाई आमने-सामने हो गए थे। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और पुलिस संयोगितागंज ने समझदारी दिखाते हुए कांग्रेसी और भाजपाइयों को अलग-अलग किया। भाजपा नेता जमकर चिल्लाचोट करते नजर आए, वहीं कांग्रेसी भी आरोप लगाते नजर आए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने खुले रूप से मुराई मोहल्ला मामले में निगम की लापरवाही बताई और कहा कि ड्रेनेज लाइन का कार्य बिना उचित सुरक्षा, व्यवस्था और तकनीकी जांच के किया जा रहा था, जिसके कारण एक मकान धराशायी हो गया और दो मकानों में नुकसान पहुंचा है। चौकसे ने कहा कि इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा, क्या निगम इस घटना के बाद जागेगा और दोषियों पर ठोस कार्रवाई करेगा। कांग्रेस का कहना है कि इस मामले में आश्वासन नहीं, जवाबदेही और न्याय चाहिए नहीं तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। इस मामले में नीलेश सेन शैलू ने बताया कि पानी की निकासी के लिए विगत 8 दिनों से पाइप डालने का काम चल रहा था और चेम्बर भी बनाए जा रहे थे। कार्नर पर राकेश गर्ग का मकान है और जेसीबी द्वारा पिलर क्षतिग्रस्त हुआ था इस कारण नरेश मोदी के मकान पर भी आंच आई थी और क्षतिग्रस्त हुआ था और इस कारण निगम ने काम बंद किया था। राकेश गर्ग का पूरा मकान गिरा, वहीं नरेश मोदी और गौरव खंडेलवाल क़े मकान के भी कुछ हिस्से गिरे। एक मकान गोपाल मंगल का क्षतिग्रस्त था उसे भी निगम ने गिरा दिया। इधर कल रात भाजपा नेता का कहना था कि मकान जर्जर था इसलिए गिर गया, इस पर कांग्रेस ने आपत्ति ली थी कि अगर जर्जर था तो उसे निगम ने नोटिस क्यों नहीं दिया।

### निगम आयुक्त ने किया दौरा

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह मुराई मोहल्ला स्थित गिरे मकान का मौका मुआयना किया। कांग्रेस नेता नीलेश सेन शैलू भी पहुंच गए थे और उन्होंने भी मौका मुआयना कराया। क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ित राकेश गर्ग, गौरव खंडेलवाल, नरेश मोदी, श्री मंगल सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने अपनी पीड़ा बताई। इसके अलावा भी एक और जर्जर मकान कमिश्नर को बताया उसे भी निगम नहीं हटा रहा है, यह जानकारी भी दी।

# निगम का चुनाव हारे उम्मीदवार भी बनना चाहते हैं कांग्रेस में पदाधिकारी

## कुछ तो बोले पत्नी हारी मैं नहीं हारा, कांग्रेस में चल रहा है सोशल मीडिया द्वंद, लग रहा है हारने के बाद निष्क्रियता का आरोप

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष 50 पदाधिकारियों की इकाई बनाने की चुनौती पहले से खड़ी है और इधर कांग्रेस में निगम का चुनाव हारने वाले उम्मीदवार से लेकर हारने वाली उम्मीदवार के पति तक ने पदाधिकारी बनने का दावा ठोका है। जिनकी पत्नी हारी वे बोल रहे हैं कि मैं थोड़ी हारा था, पत्नी हारी है। इधर हारने वालों ने पदाधिकारी बनने का दावा ठोककर परेशानी खड़ी की और उधर कांग्रेस का सोशल मीडिया भी नई-नई बातें उकेल रहा है। कुछ ने लिखा कि जिस तरह से युवा कांग्रेस और भाराछासं में नियुक्तियां बंद हुई और चुनाव की परम्परा शुरू हुई उससे युवा कांग्रेसी की खेप कांग्रेस में आना बंद हो गई। अब शहर कांग्रेस में पदाधिकारी भी 51 की संख्या में लिमिट कर दिए गए हैं। महानगर का स्वरूप ले रहा इंदौर इस छोटी इकाई के लिए परेशानी का सबब दे रहा है। सोशल मीडिया पर लिखा जा रहा है कि जो कांग्रेस के पार्षद हारे उन्होंने वापस वार्ड का मुंह नहीं देखा, अपने काम धंधे में लग गए, वार्ड को कांग्रेस की ओर से लावारिस छोड़ दिया, ना तो एसआईआर पर काम किया, ना ही वार्ड की जनसमस्याएं उठाई, गिनती के ही 65 के करीब हारने वाले उम्मीदवार में से जुझारू दिख रहे हैं, बाकी ज्यादातरों ने चुप्पी साध ली है। कांग्रेस के धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन यहां तक कि बैठकों में भी नहीं पहुंच रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह भी लिखा गया कि जो पदाधिकारी बनने की बात कर रहे हैं वे सबसे पहले अपने ही सोशल मीडिया पर बताए कि उन्होंने अपने वार्ड में कौन-कौन सी समस्याएं उठाई, कौन-से धरना-प्रदर्शन में भाग लिया, फिर वे पदाधिकारी का दावा भरे। मतदाता मामले में भी एसआईआर का मुद्दा कई माह से चल रहा है उसमें भी वार्ड को पार्षद उम्मीदवारों ने लावारिस छोड़कर भाजपा के हवाले किया। अब ऐसे हरल्ले उम्मीदवार या पति अपने राजनीतिक वरिष्ठ आंकाओं के माध्यम से फिर से शहर कांग्रेस में आने की जुगत व दबाव बना रहे हैं और इधर कांग्रेसी ही उनका विरोध सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं और निष्क्रियता का आरोप लगा रहे हैं। कुछ ने यहां तक लिखा कि कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन में हारने वाले उम्मीदवार या पति कुछ आते भी है तो अकेले हाथ हिलाते हुए आते हैं और कुछ ही देर में निकल जाते हैं। कुछ ने लिखा कि इनमें से कुछ की मीडिया में पकड़ होती है अपना नाम छपवा लेते हैं और दिखा देते हैं कि उनकी मौजूदगी थी। कुल मिलाकर शहर कांग्रेस के लिए 50 पदाधिकारियों की नियुक्ति की परेशानी आज नहीं कल भी खड़ी नजर आएगी।



# पुलवामा शहीदों के लिए यज्ञ-हवन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्रीराम मंदिर पंचकुइया में कल भाजपाइयों की मौजूदगी में पुलवाना हमला में शहीद हुए देश के सैनिकों के लिए शांति महायज्ञ का आयोजन किया। भाजपाइयों ने आहूतियां प्रदान की। शंकर लालवानी, सुदर्शन गुप्ता, भूपेन्द्र केसरी, जयदीप जैन, मुकेश खाटवा, अरुण जाट, विजय बिंजवा, यश सोलंकी, कुलदीप शर्मा, सुनीता जयपाल, वीरेन्द्र बोडाना, आशोक चौहान, विजेंद्र यादव, संगीता शर्मा, अंजना यादव, दीपा यादव, पदमा सरकार, निधि शर्मा अन्य मौजूद थे।



# पिटाई के बाद शिवसेना ने दिया ज्ञापन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संतोष पारदे निवासी ईडब्ल्यूएस एबीसीडी मल्टी ट्रेजर टाउन राऊ बिजलपुर ने आरोप लगाया कि उन्हें दबंग द्वारा पिटा गया। इस मामले में शिवसेना पदाधिकारियों की मदद भी ली गई और पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी दिया गया। पारदे का आरोप है कि दबंग द्वारा उनसे अवैध वसूली की मांग की जा रही है और इसी कारण उसके साथ मारपीट कर धमकी भी दी जा रही है। ज्ञापन देने वालों में धनराज दामके, परमजीतसिंह मेकेन, मनीष शिंदे, राजेश मराठा, सुरेंद्र ठाकुर,राम चाकरे, पारस वर्मा, दुर्गा जायसवाल भी उपस्थित थे।

# कालोनी में घुसा मोटा अजगर

## भाजपा नेता ने करवाया वन विभाग से रेसक्यू



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नीर नगर कालोनी स्कीम नं. 140 में कल उस समय दहशत का माहौल हो गया जब इस पतझड़ के मौसम में पत्तों के बीच कालोनी में एक तरफ मोटा और लम्बा अजगर दिखाई दिया। उसे देखने के लिए रहवासी एकत्रित हो गए। इसकी जानकारी तत्काल भाजपा नेता सुनील पुरोहित को दी गई। पुरोहित ने वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की और तत्काल वन विभाग की टीम भी पहुंचे और अजगर का रेसक्यू कर रहवासियों को राहत की सांस दिलाई।

## बरलाई शुगर फैक्ट्री मामले में कल कांग्रेस का प्रदर्शन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बरलाई शुगर मिल की जमीन पुराने अंशधारी किसान मांग रहे हैं, जबकि आरोप लग रहा है कि वह जमीन पूंजीपतियों को बेची की गई है। इस मामले में कांग्रेस नेता सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में कल 16 फरवरी को बरलाई शुगर फैक्ट्री प्रांगण में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और 18 फरवरी को तहसील कार्यालय पर भी प्रदर्शन क़रेंगे।



## परमार पहुंचे हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने दाहोद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दलित नेता मनोज परमार गुजरात के दाहोद जिले की तहसील झालोद में हुए बड़े रूप में हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए। परमार ने वहां उद्बोधन भी दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई और नाटक का मंचन भी हुआ। वहीं केदारनाथ महादेव मंदिर में भी शिव महोत्सव के आयोजन में मनोज परमार ने शिरकत की। क्षेत्रीय सांसद जसवंतसिंह भाबोर, विधायक कन्हैयालाल किशोरी, पार्षद सुजाकुमार किशोरी और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंदन नगर में तोड़फोड़ के लिए उलटी गिनती शुरू

## सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने का नोटिफिकेशन जारी

### अब निगम मांगेगा मकान के स्वामित्व के दस्तावेज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा चंदन नगर में तोड़फोड़ की उलटी गिनती शुरू कर दी गई है। धार रोड से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाली सड़क का गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अब मकान मालिकों को नोटिस दिए जाएंगे। उनसे मकान के स्वामित्व के दस्तावेज मांगे जाएंगे।**

पश्चिमी रिंग रोड का निर्माण नहीं हो सका इसके चलते हुए धार रोड से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाली कनेक्टिंग रोड नहीं बन सकी। ऐसी स्थिति में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा वैकल्पिक योजना तैयार की गई। इस योजना के तहत धार रोड पर चंदन नगर से एरोड्रम रोड तक 18 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। इस सड़क के निर्माण में करीब 200 मकान बाधक बने हुए हैं। ऐसे में नगर निगम की ओर से कोशिश की गई कि इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल कर दिया जाए।

निगम की पहल पर इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसके बाद में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के द्वारा लोगों से दावे आपत्ति बुलवाए गए। फिर उच्च स्तरीय कमेटी के द्वारा आपत्ति की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया। निराकरण के पश्चात इस प्रस्ताव को आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार के पास भोपाल भेजा गया था। अब सरकार के द्वारा इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। यह नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही इस सड़क के निर्माण और यहां पर होने वाली तोड़फोड़ की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा सर्वे तो पहले ही किया जा चुका है। इस सर्वे के अनुसार करीब 200 मकान में तोड़फोड़ करना पड़ेगी तब जाकर यह सड़क बन सकेगी। अब क्षेत्र के भवन अधिकारी के द्वारा सभी भवन स्वामियों को नोटिस देकर उनसे मकान का मालिक होने के दस्तावेज मांगे जाएंगे। इन दस्तावेज का परीक्षण करने के पश्चात तोड़फोड़ का नोटिस दिया जाएगा। इसके साथ ही आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

### क्षेत्र के नागरिकों ने किया था विरोध

चंदन नगर में रहने वाले नागरिकों के द्वारा इस सड़क के निर्माण का विरोध किया गया था। उनके द्वारा कहा गया था कि जिस तरह से 18 मीटर की चौड़ाई में ही सड़क के निर्माण की कल्पना की जा रही है उसके कारण लोगों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। कई लोगों के मकान पूरे इस सड़क की चौड़ाई की परिधि में जा रहे हैं। लोगों का बहुत ज्यादा नुकसान हो जाएगा। इन लोगों का कहना था कि सरकार को सड़क का निर्माण करने के प्रस्ताव पर फिर से विचार करना चाहिए।

### जनता में आक्रोश की स्थिति

क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस सड़क का हर स्तर पर विरोध किए जाने के साथ ही यह कोशिश की गई थी कि उनके साथ इंसाफ हो और इस सड़क की चौड़ाई को नगर निगम के द्वारा कम कर दिया जाए। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि यदि चौड़ाई कम हो जाएगी तो बहुत सारे मकान के हिस्से टूटने से बच जाएंगे। निगम के द्वारा ही नागरिकों की इस बात को नहीं सुना गया है। अब जब इस सड़क का गजट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ अब यह स्पष्ट है कि अब इस सड़क की चौड़ाई कम नहीं होगी और निगम के द्वारा निर्धारित चौड़ाई में ही सड़क का निर्माण किया जाएगा।

# आवारा श्वानों का आतंक नहीं हो रहा खत्म

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**आवारा श्वानों के आतंक को खत्म करने एवं नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश जारी किए गए जिसके तहत कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने और शेल्टर होम बनाने सहित अन्य गाइडलाइन स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाई जानी थी, जिसका पालन इंदौर नगर निगम द्वारा भी किया जा रहा है लेकिन पूरी तरह से योजना को जमीन पर उतरने के लिए नगर निगम को आर्थिक मदद का इंतजार है जिसके चलते सार्वजनिक स्थान एवं गली मोहल्ले में लगातार डॉग बाइट के प्रकरण में कमी नहीं आई है। नगर निगम ने श्वानों का शेल्टर होम बनाने के लिए 25 लाख रुपए की मदद पशु कल्याण बोर्ड से मांगी है फिलहाल जिसको लेकर कोई जवाब बोर्ड की ओर से नहीं आया है।**

**नगर निगम को पशु कल्याण बोर्ड से मदद का इंतजार**

डॉग बाइट का ताज़ा मामला कनाड़िया बायपास स्थित फीनिक्स मॉल के पास शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी से सामने आया है जहाँ आवारा श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में कॉलोनी के निवासी 50 वर्षीय अनुपम वर्मा पर आवारा श्वानों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, अनुपम वर्मा अपने घर के पास थे, तभी अचानक आवारा श्वानों ने उन पर हमला कर दिया और उनके पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर काट लिया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें बचाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी में लंबे समय से आवारा श्वानों की संख्या बढ़ती जा रही है। ये श्वान आए दिन लोगों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बन रहे हैं। कई बार नगर निगम को शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

सोसायटी के प्रेसिडेंट उमेश दीक्षित ने बताया कि कॉलोनी में आवारा श्वानों की समस्या गंभीर होती जा रही है और यह घटना प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर आवारा श्वानों को पकड़ा जाए, ताकि कॉलोनीवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कॉलोनी के रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे नगर निगम में सामूहिक रूप से शिकायत कर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। वहीं हर दिन हुकुमचंद पाली क्लीनिक में 150 से 200 ताजा मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं जिससे साफ होता है कि फिलहाल डॉग का शिकार लोग पहले जैसे ही हो रहे हैं कोर्ट के दिशा निर्देश को धरातल पर लागू करने में फिलहाल समय लगेगा।

# मुराई मोहल्ला में गिरे हुए मकान देखने पहुंचे आयुक्त

### अब सारे शहर के जर्जर मकान तोड़ने के दिए निर्देश



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल आज सुबह मुराई मोहल्ला के उन मकानों को देखने के लिए पहुंचे जो की कल ड्रेनेज की लाइन डालने के दौरान गिर गए थे। आयुक्त ने अब सारे शहर में जर्जर मकान तोड़ने के निर्देश दिए हैं।

कल इन मकानों की हालत खराब हो जाने के कारण रात में नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा इन मकानों को तोड़कर पूरी तरह से जमीन को समतल कर दिया गया। निगम के द्वारा ड्रेनेज लाइन डालने के काम के दौरान उक्त मकान की नींव कमजोर हो जाने के कारण यह घटना हुई है। कल इस घटना की जिम्मेदारी को लेकर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए थे। कांग्रेस का आरोप था कि नगर निगम क़ी लापरवाही से यह मकान गिरे हैं।

कल रात में निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा कार्रवाई करते हुए खतरनाक स्थिति में पहुंच गए इन मकानों को पूरी तरह तोड़ दिया गया। इसी बीच सुबह आयुक्त सिंघल मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति को देखने के साथ निगम के अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। पूरे मामले को समझने के बाद उन्होंने निर्देश दिया है कि अब सारे शहर में जो भी जर्जर मकान है उन सभी को तोड़ दिया जाए।

ध्यान रहे कि छावनी से लगे हुए इस क्षेत्र में 4000 स्क्वायर फीट के प्लाट पर चार अलग-अलग व्यक्तियों के द्वारा अलग-अलग मकान बनाए गए थे। यह मकान 60 साल पुराने बताए जा रहे हैं। जिन लोगों के मकान थे वे भी इन मकानों में ना रहते हुए दूसरे मकान में रहते थे। यह मकान खाली पड़े हुए थे और इनमें ताला लगा हुआ था।



## कलेक्टर और आयुक्त पहुंचे खजराना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल आज सुबह महाशिवरात्रि पर्व के लिए खजराना गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के पुत्र गजाननजी के दर्शन भी किए। भोलेनाथ बाबा को वहां बड़ा साफा भी भक्तिभाव के माहौल में अर्पण किया गया।

## कांग्रेस नेता ने कहा कार्यकर्ताओं में हिम्मत है तो संगठन से लड़ो

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेता विजयकुमार मेहरा जो सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ से जुड़े हुए हैं उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस संगठन ने इंदौर में 51 पदाधिकारी और जिला में 32 सदस्य बनाने की घोषणा की है। मेहरा ने कहा कि इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी नहीं बन पाएंगे, जबकि हमेशा नेता और कार्यकर्ता संगठन का काम करते हैं। मेहरा ने कहा कि अब समय आ गया है, जब कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी नहीं बने तो उन्हें हिम्मत रखकर संगठन से लड़ना पड़ेगा। मेहरा ने कहा कि हमेशा सक्रिय कार्यकर्ताओं पर अवसरवादी और चापलुसवाद भारी रहे हैं।

## छत्री से जवाहर मार्ग तक लगा जाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छायाकार नीलेश वर्मा ने बताया कि रोजाना कृष्णपुरा छत्री से जवाहर मार्ग तक जाम की स्थिति बनती है। नन्दलालपुरा व्यवसायिक क्षेत्र है और यहां वाहनों की पार्किंग भी होती है, आगे सब्जी मंडी भी लगती है। खासतौर से शाम से लेकर रात तक कई बार जाम की स्थिति दिखाई देती है। दुकानदार और रहवासी इस जाम से रोजाना परेशान रहते हैं।





## पुराने दोस्तों ने बीमार के साथ गुजारा वक्त

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गुजराती आर्ट्स लॉ कॉलेज एलुमनी ग्रुप द्वारा कैंसर से जूझ रही अपनी फ्रेंड रेखा नीरज अब्राहम को कैंसर उपचार के दौरान वैलेंटाइन डे के माध्यम से खुशियां बांटने का प्रयास किया गया। उनके साथ पुराने मित्रों ने गुलाब का फूल देकर खुशी का इजहार किया।




## सृष्टि सेवा संकल्प का सदस्यता अभियान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सृष्टि सेवा संकल्प का सदस्यता अभियान के अंतर्गत सृष्टि सेवा संदेश पत्रिका विमोचन एवं ऐप लॉन्च का कार्यक्रम अभिनव कला समाज ऑडिटोरियम में हुआ। डॉ. अशोक कुमार भार्गव, निधि बंग, रविजीत खनूजा, रितेश तिवारी, प्रशांत गुप्ता, डॉ. आरसी गुर्जर, डॉ. स्वप्निल व्यास, डॉ. बीआर रावल, विजय राठौड़, डॉ. मनीष गुप्ता, विपिन राठौर, अनिल आचार्य, संजय झांझरिया, सचिन्द्र चौधरी, विनय तिवारी, वीर राजावत, विपिन बाजपेई, निमेश मेहता, राहुल जैन, राजवीर धाकड़, मीनाक्षी व्यास, प्रियंका तिवारी, कावेता जैन उपस्थित रहे।

## अग्रवाल फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं माँ चमेली देवी आरोग्य सेवा, चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, इंदौर द्वारा नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय, असरावद खुर्द में किया गया। शिविर में 500 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। डॉ. अरुण गुप्ता, अनुशा अग्रवाल ने बताया कि अलग-अलग तरह की जांच की गई, अस्पताल और चिकित्सक का सहयोग रहा। दवाई और चश्मों का वितरण किया गया।

## अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन चुनाव हुए




**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पूनम मालपानी, सचिव अर्चना के. माहेश्वरी, उपाध्यक्ष सुनीता मुंदड़ा, सुनंदा मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष सोनाली मान्धान्या, संगठन मंत्री अलका माहेश्वरी, प्रचार मंत्री अर्चना गांधी, सहसचिव रेखा मालू, कार्यसमिति सदस्य प्रियंका माहेश्वरी, पूजा तोतला, रीता परवाल, नम्रता चांडक, श्वेता काबरा, प्रियंका मंत्री, सोनम गिलड़ा, मोनिका जाजू मनोनीत हुए।

## वर्धमान महासंघ का त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ, पश्चिमी क्षेत्र, द्वारा 18 एवं 19 फरवरी को 'त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह' का आयोजन स्कीम क्रमांक 71, इंदौर स्थित परिसर में किया जाएगा। सुभाष वन्यायक्या, राजेश जैन युवा ने बताया कि संतो की मौजूदगी में अनुमोदन और अभिनंदन का आयोजन भी किया जाएगा। 18 एवं 19 फरवरी की सुबह 8:45 बजे धर्मसभा होगी। 19 फरवरी को सुबह मुख्य 'त्रिवेणी संयम अनुमोदना समारोह' आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठजनों की मौजूदगी रहेगी। डॉ. विजय छजलानी का सम्मान भी होगा। जैन साधना भवन के लोकार्पण की घोषणा भी की जाएगी। महेश डाकालिया, राजेंद्र लोढ़ा, अनिल बरडिया सुनील कुदार आयोजन से जुडे है।



## 432 यूनिट रक्त एकत्रित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थापना दिवस पर आईआईटी सिमरोल परिसर में हुए रक्तदान शिविर 432 यूनिट संग्रह किया गया। प्रो. सुहास जोशी, डॉ. शिल्पा राउत, डॉ. रामू ठाकुर, डॉ. योगेश पवार, डॉ. पीयूष शर्मा, डॉ. सुशांत कुमार, अफसाना खान, गुरमीत कौर, चयन ठाकरे, सुनील बामनिया, सुरेंद्र राणा, डॉ. अशोक यादव, डॉ. नरेन्द्र वर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।



## वाल्मीकि सेना के पदाधिकारियों का शपथ आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर में वाल्मीकि सेना के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मां अहिल्या को माल्यार्पण कर अपने दायित्वों की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में समाज को संगठित करने, अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने और संविधान की शपथ लेकर काम करने का संकल्प लिया गया। महेश गोहर, हरीश नागर, राजेश धौलपुरे, राजेश मेवाती, विक्की पहलवान पथरोड़, विशाल डागर, धर्मेंद्र कल्याणे, मुकेश नागर, संजय पथरोड़, देवेंद्र बिरगाड़े, संजय पटवाने, प्रशांत वेद, प्रथम कल्याणे, अखलेश मेवाती मौजूद थे।

## प्रेस क्लब करेगा भगोरिया यात्रा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर प्रेस क्लब भगोरिया यात्रा का आयोजन 28 फरवरी को करेगा। यात्रा का पड़ाव मांडव में होगा। यात्रा में शामिल होने वाले मीडियाकर्मी को 24 फरवरी तक अपना नाम क्लब में अशोक गोड के पास दर्ज कराना होगा। दीपक कर्दम, प्रदीप जोशी ने उक्त जानकारी दी।



## हृदय रोग पर दी जानकारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कालेज में छात्र और अध्यापकों को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सरिता राव ने हृदय रोग के कारण और निदान दोनों बताए। संतुलित भोजन, तनावमुक्त और पैदल घूमने की जानकारी भी दी। इस दौरान पुरुषोत्तम वाघमारे, डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल, प्रो.विभाग भटनागर, प्रो.गुनी गानावडिया भी मौजूद रहे।

## गोल बगीचे में पौधारोपण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पलसीकर कॉलोनी इंदौर के गोल बगीचे में भक्त मंडल संत श्री आसाराम बापू हरियाली खुशहाली के सानिध्य में शिवरात्रि के अवसर पर शिवजी के पवित्र बेलपत्र के पौधे का रोपण किया गया। राजेन्द्र सचदेव, दीपचंद चावला, धनेश मटाई, सच्चानंद वाधवानी,अमरलाल कुकरेजा, मोहन मुंजार, राजकुमार राजदेव, मौजूद थे।



## मूर्तिकला कार्यशाला का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चित्रकला विभाग एवं एकाग्र एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में आर्टमीसिया कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के मूर्तिकार एवं प्रो. गौरव सोनी ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति से लगभग 158 प्रतिभागियों को आकर्षित किया। आनलाइन और आफलाइन प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने प्रोफेसर सोनी का सम्मान किया। कल्पना सिंह, गरिमा शर्मा, डॉ.वीपी बैरागी, डॉ. मनीषा जोशी, डॉ. एस.के. छारी, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. उषा महोबिया, डॉ. रजनी भारती, महेश विश्वकर्मा, डॉ. कुमकुम भारद्वाज मौजूद थे।



## 250 पेड़ों को बचाने के लिए विद्यार्थी आज शाम करेंगे प्रदर्शन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** रीगल तिराहा रानीसराय क्षेत्र में मेट्रो स्टेशन का निर्माण होना है, कहा जा रहा है कि वहां स्टेशन के लिए 250 पेड़ कटेंगे। जनहित पार्टी लगातार इन पेडों को बचाने के लिए शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन लम्बे समय से अभय जैन के नेतृत्व में कर रही है। आज स्कूली विद्यार्थी शाम 5 बजे से 6 बजे तक रीगल तिराहे पर जनहित पर्यावरण मंच के बैनर तले पेड़ों को बचाने के लिए प्रदर्शन करेंगे। कुछ विद्यार्थी अपने आपको पेड़ तो कुछ तोता स्वरुप में भी प्रस्तुति देकर शांतिपूर्ण विरोध जताएंगे। आज के प्रदर्शन में कई संस्थाओं के पदाधिकारी और वरिष्ठों को भी आमंत्रित किया गया है। जनहित पार्टी पूरे जनवरी की ठण्ड में पूरे समय धरना दे चुकी है।



# ओमेश्वर महादेव का भी अभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ओमेश्वर महादेव शिव मंदिर लाबरिया भैरु आज शिवरात्रि पर अभिषेक, पूजन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कल हल्दी और मेंहदी की रस्म निभाई गई थी, कीर्तन और गीत भी गाये गए। मोहनसिंह चौहान ने उक्त जानकारी दी।

# मारुति हनुमान मंदिर में आज रात खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नवरतन बाग श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में आज महाशिवरात्रि के अन्तर्गत आज शाम महाआरती कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण देर रात तक किया जाएगा। महंत मंगलदास खाकी ने उक्त जानकारी दी।

# अरण्य धाम में शिवरात्रि महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अरण्य धाम संत आश्रम स्कीम नंबर 78 पर शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन कल के बाद आज भी जारी है। रामजी बाबा ने बताया कि रामेश्वर महादेव का अभिषेक आज भी किया गया। आज शाम 5 बजे से 7 बजे तक विशेष रुद्राभिषेक होगा। मातृशक्तियां मंगल गान कर रही है, खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी होगा। सेवादारों ने मंदिर को विशेष शृंगारित किया है।

# माहेश्वरी समाज का आज आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

माहेश्वरी समाज जिला सभा द्वारा शिवरात्रि पर पारिवारिक आयोजन बिजासन रोड स्थित दलाल बाग शिव मंदिर पर आज शाम 6 बजे से किया जा रहा है। आरती, भजन के आयोजन होंगे। गायक राम हूरकट कीर्तन की प्रस्तुति देंगे। समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री पप्पू, प्रचार मंत्री अजय सारडा, संयोजक कालू सारडा ने बताया कि आज शाम 6 बजे से माहेश्वरी समाज के ईष्ट देव उमा-महेश के विवाह वर्षगांठ शिवरात्रि पर आज दलालबाग शिव मंदिर में विशेष शृंगार दर्शन होंगे। शाम 6.30 बजे महाआरती की जाएगी। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन मौजूद रहेंगे और अपने ईष्ट देव उमा-महेश के जयकारों के साथ आज आयोजन में शिरकत कर प्रसादी का लुत्फ भी लेंगे।

# संत परमहंस आचार्य का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पीठाधीश्वर परमहंस आचार्य के आगमन पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान योगी सिद्धनाथ अघोर, लालदास महाराज, दिलीप राजपाल, नारायणसिंह चौहान, अंकित पथरोड, शुभम टांक, कमल कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, फारूक मंसूरी मौजूद थे।



# गैबशाह वली सरकार को पेश की चादर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वधर्म संस्था के मंजूर बेग ने बताया कि दशहरा मैदान स्थित हजरत गैबशाह वली बाबा सरकार के आस्ताना पर एकता और भाईचारे की चादर पेश की गई। सर्वधर्म के लोग मंजूर बेग, अफजल खान, चंदू, युसूफ बाबा, मेहमूद, सूफी इदरीस बाबा, माहिर बाबा, नौशाद बाबा, हिलाल अहमद, मुश्ताक, साबिर वोरा, मुकेश बजाज, रियाज खान, सोहेल पठान, शकील खान, आरिफ वारसी, अमित भाऊ, गोलू शेख सहित अन्य मौजूद थे। सूफियाना रंग भी जमाया गया।



# जय गुरुदेव आश्रम पर पादुका पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जय गुरुदेव आश्रम मिर्जापुर तेजाजी नगर बायपास पर आश्रम में आयोजन किया जा रहा है। आश्रम में बाबा की कुटिया में गुरु पादुका का पूजन भी किया गया, ध्यान और सत्संग का आयोजन भी हुआ। प्रवचन, उद्बोधन भी तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव में हुए। आज सुबह प्रभातफेरी भी निकाली गई।

# सुषमा लाहोटी, सरिता बियाणी पदाधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव में अध्यक्ष सुषमा लाहोटी, सपना लखोटिया, सीमा लड्ढा, सचिव सरिता बियाणी, कोषाध्यक्ष शीतल लोहिया, संगठन मंत्री पिंकी मंत्री, प्रचार मंत्री पूजा माहेश्वर, सहसचिव संगीता शारदा, कार्यसमिति में निर्मला कलंत्री, मोना काबरा, राधिका माहेश्वरी, गीतिका माहेश्वरी, कविता भूतड़ा, कविता मुंदड़ा, ममता दम्मानी, भूमिका कोठारी निर्वाचित किए गए। चुनाव अधिकारी उर्मिला झंवर, वीणा सोमानी, आशा साबू थे। रमा शारदा, उषा काबरा, मीनाक्षी नवाल, ज्योति मुछाल ने बधाई दी।

# पार्श्वनाथ सखी-सहेली ग्रुप का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पार्श्वनाथ सखी-सहेली ग्रुप की 90 सदस्याओं ने हाईलिंक सिटी गार्डन में ग्रामीण परिवेश में आयोजन किया। अंतिम जैन राठौर ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में घट्टी से पिसाई भी की गई और सिल्ला पर चटनी भी बनी। गार्डन को गांव के स्वरूप में सजाया गया। ग्रामीण वेसभूषा में नीता छाजेड़, मानकुंवर छाजेड़, जया मेहता को पुरस्कृत किया गया। लीना जैन, आशा मोगरा, पूजा खिमेसरा, अंगुरबाला कटारिया, नीशा पोरवाल, अल्पना मोगरा, संगीता कर्नावट, साधना रांका, संगीता मोगरा ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलवामा आतंकी हमला में शहीद हुए देश के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि की दी गई। दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, उद्बोधन भी हुए। राहुल निहोरे, ललित शर्मा, मीना श्रीवास्तव, भारती जैसवार, सलमान अंसारी, अयाज मंसूरी, विपिन यादव, मुकेश वर्मा, अनीस खान, गुलरेज अली, जुनेद अली, रियाज़ मंसूरी मौजूद थे।

# मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

**इन्दौर।** 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाइट जंक्शन,में भगवान 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव कल मनाया गया। जैन समाजजनों ने अभिषेक, शांतिधारा, विधान, पूजन, आरती के बाद मोक्ष कल्याणक अवसर पर भगवान के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाए। महेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी दी।






# वृद्धावस्थाजन्य रोग निवारण हेतु आयुष स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला प्रशासन एवं संचालनालय आयुष विभाग भोपाल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय भोपाल, आयुष विभाग इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आस्था वृद्धजन सेवा आश्रम परदेशीपुरा समाज कल्याण परिसर इंदौर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, योग, खेलकूद एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. मीना भायल, डॉ. हंसा बारिया, डॉ मनीष रघुवंशी, डॉ पायल कंसोटिया ने बताया कि 93 वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। डॉ घनश्याम डावर, दिनेश बंसल, शशिकांत अवस्थी सुश्री सरोज कुशवाह, पवन शर्मा, सोनिया ने भी अपनी भूमिका निभाई।


देवगुराड़िया




कांटाफोड़


परदेशीपुरा

# शिवरात्रि पर आज सुबह से गूंज रहे हैं भोलेनाथ के जयकारे

## आज मंदिरों में श्रृंगार दर्शन, चार पहर की आरती, शाम को रोशनी, कई जगह प्रसाद और ठण्डाई का वितरण

## अलसुबह से श्रद्धालु पहुंचे मंदिर, अभिषेक, पूजन और दर्शन की दिख रही है कतार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आज महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। आज के दिन भगवान शिवशंकर और माता पार्वती के विवाह बंधन का दिन है। विगत कई दिनों से शिवालयों में शिवरात्रि उत्सव के आयोजन हो रहे है। हल्दी, मेहंदी, उबटन, भजन-संध्या के आयोजन हुए। कल कई मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर आयोजन किए गए और आज सुबह भी मंदिरों में शिवलिंग पर अभिषेक पूजन का आयोजन हो रहा है।**

आज अलसुबह से बडे मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। वहीं हर शिवालय में सुबह से श्रद्धालु पहुंचकर भगवान भोले भंडारी के दर्शन कर अभिषेक किया जा रहा है, पूजन भी हो रहा है। भगवान के प्रिय बिल्व पत्र, धतूरा और दूध-पानी का अर्पण प्रभु को चढ़ाया जा रहा है। श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर ओम नमः शिवाय के जाप और शिवाष्टक भी कर रहे है। श्रद्धालु बोल बम और जय-जय शिव शंकर, हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे है। कई शिवालयों में कल रात से ही रोशनी चमचमा रही है, आज सुबह से कई मंदिरों में फरियाली साबूदाना खिचडी और ठण्डाई का वितरण हो रहा है, कुछ जगह दोपहर तो कुछ जगह शाम को प्रसाद वितरण होंगे। कई मंदिरों में बर्फ के शिवलिंग भी बनाए गए है। चार पहर की आरती भी हो रही है। शिवालयों के समीप पूजन में लगने वाली सामग्री की दुकानें भी लगी हुई है। देवगुराडिया मंदिर में तो बडी तादाद में ग्रामीण अलसुबह से पहुंचना शुरू हो गए थे, वहां लम्बी कतार है। भूतेश्वर मंदिर पंचकुइया, श्रीराम मंदिर पंचकुइया स्थित द्वादश शिवलिंग, हंसदास मठ, विद्याधाम शिव मंदिर, गेंदेश्वर महादेव शिवधाम परदेशीपुरा, मनकामनेश्वर शिव मंदिर नवलखा, मनकामनेश्वर मंदिर जिमखाना, गीता भवन शिव मंदिर, गणेश मंदिर खजराना, पिपलेश्वर महादेव मंदिर नगारची बाखल, गुटकेश्वर मंदिर किला मैदान, कपलेश्वर महादेव मंदिर काटजू कालोनी, सुखदेश्वर मंदिर सुखदेव नगर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर माली मोहल्ला, मां मंदिर इंदिरा गांधी नगर, महामृत्युंजय महादेव मंदिर महाराणा प्रताप नगर बाणगंगा सहित अन्य मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की कतार नजर आ रही है। कई मंदिरों में आज सुबह भस्माआरती भी हुई। दोपहर से लेकर रात तक भजन, कीर्तन और जाप के आयोजन चलते रहेंगे, श्रृंगार दर्शन भी होंगे। मंदिरों में आज सुबह से बोल बम और ओम नमः शिवाय के जयकारे लग रहे है। भोलेनाथ के साथ माता पार्वती को भी याद किया जा रहा है। पूरे शिव परिवार की आराधना हो रही है, कई मंदिरों में बर्फ के शिवलिंग बनाए गए है कुछ जगह दोपहर बाद तो कुछ जगह शाम को कलरफुल बर्फ के शिवलिंग मिलेंगे।


भूतेश्वर



### हल्दी-मेहंदी की रस्म हुई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निपानिया स्थित आशीर्वाद विला सोसायटी में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कल हल्दी-मेहंदी की रस्म की गई, भजन भी किए गए। आज शिवरात्रि का आयोजन हो रहा है।

### देवगुराड़िया में लगी कतार

अतिप्राचीन देवगुराड़िया मंदिर में आज अलसुबह से श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए बड़ी कतार लगी हुई है। बड़ी तादाद में ग्रामीण भी दर्शन के लिए कतारबद्ध दिख रहे हैं। तीन दिनों तक यहां शिवरात्रि मेला चलता है। पुलिस ने इसके लिए ट्रैफिक को डायवर्ड किया है। अलग-अलग रूट अलग-अलग क्षेत्र के तय किए हैं।

## भांग दुकानें सजी, बगीची में भी रगड़ा

### ठेकेदार ने विशेष तैयारी करवाई, आज सुबह से भांग और ठण्डाई के दौर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज शिवरात्रि पर भांग दुकानों पर रात तक विशेष ग्राहकी रहेगी, खासतौर से दोप्हर के बाद भांग दुकानों पर ग्राहकी बढ़ेगी। सुबह से लोग भोलेनाथ के प्रसाद के रूप में भांग दुकानों पर पहुंचकर भांग और ठण्डाई का सेवन कर रहे हैं, दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें आज शिवरात्रि के लिए पहले से ही विशेष रूप से सजा ली थी, दुकानों को आज बाहर तक निकाला गया है और कई तरह की ठण्डाई बनाने का आयोजन रखा है, कम कीमत से लेकर ज्यादा कीमत तक की ठण्डाई दुकानों पर उपलब्ध है। वहीं आज बगीचीयों में भी भांग के रगडे लग रहे है, शौकीन भांग की पत्ती को पहले उकाल रहे और फिर सिल्ला पर भांग की घुटाई की जा रही है, भांग की गोलियां बनाई जा रही है, कुछ मंदिरों के बाहर भी प्रसाद के रूप में चना बराबर भांग का वितरण प्रसाद के रूप में हो रहा है, जो लोग भांग का सेवन करते है वे ही भांग ले रहे है। कई घरों में भी आज ठण्डाई प्रसाद तैयार किया गया है। प्राचीन बगीचीयों में भी लोग पहुंच रहे है। ग्रुप के लोग भांग दुकानों पर ठण्डाई पीने तो कुछ ग्रुप के लोग बगीची में सिल्ला पर भांग घोटने के लिए पहुंच रहे है। कुल मिलाकर आज शिवरात्रि पर सजी-धजी भांग दुकान पर भोलेनाथ क़े प्रसाद के नाम पर भांग का सेवन करने लोग पहुंच रहे है।





## जगह-जगह शिवरात्रि पर आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज महाशिवरात्रि है और ज्यादातर शिवालयों में आज सुबह से अभिषेक, पूजन, के आयोजन हो रहे है। कई जगह आज दोपहर और शाम को भी आयोजन होंगे। जीतू कुशवाह ने बताया कि गणगौर घाट छत्रीबाग में आज शाम 7.30 बजे से भगवान भोलेनाथ की महाआरती होगी, प्रसादी का वितरण भी होगा। जितेश्वर महादेव मंदिर समिति भोरासला द्वारा आज भगवान शिव की बारात तामझाम के साथ निकाली जाएगी। राजू ठाकुर, गोलू पंडित, विकास नायक, वैभव शर्मा, राम शर्मा, उल्लास पाटिल ने बताया कि भगवान का विशेष श्रृंगार भी होगा। वहीं कांटाफोड शिव मंदिर पर आज सुबह से श्रद्धालु मां वैष्णोदेवी की गुफा से निकलकर भोलेनाथ के दर्शन कर रहे है। श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा आज शाम 5.30 बजे से कालानी नगर स्थित महाराणा प्रताप उद्यान से शिव बारात निकाली जाएगी। वहीं श्री कपलेश्वर महादेव मंदिर काटजू कॉलोनी में तीन दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत आज शिव बारात निकाली जा रही है। उसके पूर्व रुद्राभिषेक, महाआरती, का आयोजन हुआ। शाम को भगवान के विवाह की रस्म होगी। क्लर्क कालोनी मंदिर में भी आयोजन किया जा रहा है। विद्याधाम मंदिर में आयोजन हो रहा है।

# 1 मार्च को सेट, परिणाम 10 अप्रैल तक आ जाएंगे

## सेट में 1 लाख 46 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के इंटरव्यू भी होंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**




मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग यानी एमपी पीएससी सेट 1 मार्च को होने जा रही है। 1 लाख 46 हजार बैठेंगे। परिणाम भी 10 अप्रैल तक आ जाएंगे। इस बार सेट 34 सब्जेक्ट के लिए हो रही है। रिजल्ट अप्रैल में आएगा तो पास होने वाले अभ्यर्थी आसानी से सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकते है। आवेदन के लिए उन्हें समय मिल जाएगा।

इस साल कई बड़े इंटरव्यू भी होंगे, विचार शुरू-पीएससी की तैयारी है कि 2026 में वह राज्य सेवा, असिस्टेंट प्रोफेसर 2025 स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम 2025 और राज्य सेवा 2025 सहित कई बड़ी परीक्षाओं के इंटरव्यू आयोजित करे।

डर ये कि कैलेंडर भी बिगाड़ेगा-एमपी पीएससी के लिए इस माह एकेडमिक कैलेंडर का पालन आसान नहीं रहेगा। पीएससी को पेंडिंग इंटरव्यू करवाने के लिए ही न्यूनतम अभी 10 माह का समय चाहिए होगा। पीएससी के सामने लगभग 12 से 13 परीक्षाओं के 3800 से ज्यादा पदों के इंटरव्यू करवाने की चुनौती है। इन इंटरव्यू में लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। 2026 में होने वाली तमाम परीक्षाओं के इंटरव्यू की राह आसान नहीं होगी। अभी मेडिकल ऑफिसर के 1832 पदों के इंटरव्यू चल रहे हैं। यह 31 मार्च तक होंगे। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 में 1900 से ज्यादा पद हैं। इसके इंटरव्यू भी करवाना होंगे। इसमें 5800 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। पीएससी को माइनिंग इंस्पेक्टर के 13पदों से लेकर दंत चिकित्सा परीक्षा-2024 (श्रम विभाग) दंत चिकित्सक परीक्षा-2024, सहायक अनुसंधान अधिकारी परीक्षा-2024 (जनजातीय कार्य विभाग), सहायक प्रबंधक परीक्षा-2024 (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग), सहायक पंजीयक परीक्षा-2024 (औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग) तथा परिवहनयान परिवहन उप निरीक्षक परीक्षा-2025 के इंटरव्यू भी इन्हीं 12 माह में आयोजित करना होंगे।

# आईडीए चार जगह करोड़ों की नई स्कूल बिल्डिंग करवा रहा निर्माण

## मूसाखेड़ी में लंबे समय से अटका, बाकी जगह तेजी से चल रहा सीएम राइज स्कूल का काम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मूसाखेड़ी में टैंपो स्टैंड चौराहे के पास सरकारी स्कूल की जगह पर बनने वाले सीएम राइज स्कूल (अब सांदीपनी विद्यालय) का काम लंबे समय से जगह के चक्कर में अटका पड़ा है। जबकि शहर में अन्य चार जगह नवीन स्कूल बिल्डिंग के नव निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहें है। हालांकि कुछ जगह रफ्तार धीमी जरूर है लेकिन अफसरों का दावा है कि बेहद जल्द इसी साल नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ज्यादातर जगह बिल्डिंग निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में आईडीए अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ मल्हार आश्रम , नंदानगर और पाल कांकरिया सहित शिवनगर में सर्व सुविधा के साथ नवीन स्कूल बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि इस बार आने वाले नवीन शिक्षा सत्र से पहले इन स्थानों पर चल रही स्कूल बिल्डिंग के संपूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द तय समय सीमा में पूरे हो जाए।






**मूसाखेड़ी में जगह की कमी के कारण उलझा नई स्कूल बिल्डिंग का काम –** गौरतलब है कि सीएम राइज योजना (अब सांदीपनी विद्यालय ) की करोड़ों रुपए लागत वाली नवीन स्कूल बिल्डिंग निर्माण का कार्य शहर में आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके तहत मूसाखेड़ी में सीएम राइज स्कूल के लिए क्षेत्र के जिस सरकारी स्कूल का चयन हुआ था वहां जगह की कमी के चलते जिस तय माप दंड में आधुनिक सुविधाओं के साथ स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जाना है वो नहीं हो पा रहा था। इसलिए यहां जगह की कमी के चलते प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया सहित प्रोजेक्ट से जुड़े आईडीए अफसरों द्वारा विकल्प के तौर पर कृषि महाविद्यालय की जमीन भी देखी गई थी। लेकिन यहां कृषि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इसका विरोध किया गया और जगह देने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में है। न प्रशासन इस मामले में कोई सुध ले रहा है और न जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है। जिसके चलते अब हालात यह है कि आईडीए द्वारा शहर में अन्य जगह तो स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य तेजी के साथ करवाया जा रहा है, लेकिन मूसाखेड़ी में मिलने वाली सीएम राइज स्कूल की सौगात अधूरी रह गई। यहां जगह के चक्कर में अभी तक काम शुरू ही नहीं हो पाया।




## फ्लाई ओवर के नीचे निगम आईडीए अफसरों की अनदेखी से हो रही गाड़ियों की पार्किंग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा खजराना चौराहा पर बनाएं करोड़ों की लागत वाले फ्लाई ओवर के नीचे जहां आमजन की सुविधा के लिए विकास कार्य कर लोगों के लिए सौगात देने की प्लानिंग की गई थी वहां अब दिनभर गाड़ियों की अवैध पार्किंग की जा रही है। निगम और आईडीए के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी का शिकार लंबे समय से खजराना फ्लाई ओवर के नीचे खाली पड़ी बोगदे की जगह जो मेट्रो के लिए खाली छोड़ी थी, जिसके लिए बोगदे की जगह पर पतरों से आड़ की गई थी। अब यहां आसपास के लोगों द्वारा गाड़ी खड़ी कर पार्किंग बना ली गई है। जबकि आईडीए द्वारा ब्रिज के नीचे सौंदर्यकरण और विकास के कार्य कर क्षेत्र की आम जनता को सौगात देने की तैयारी थी। यही नहीं इसके लिए अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग बनाकर ब्रिज के नीचे के हिस्से को संवारकर यहां जन उपयोग के लिए खेल मैदान से लेकर अन्य प्रस्तावित विकास कार्य करने की तैयारी थी। लेकिन दो साल बाद भी अभी तक कोई काम शुरू नहीं हो पाया। उल्टा खाली जगह पर आसपास के गैरेज और सर्विस सेंटर वालों ने कब्जे कर अवैध पार्किंग का अड्डा बना लिया है। जहां सुबह से लेकर रात तक कई फोर व्हीलर गाडियां आराम से खड़ी रहती है।

# शासन की दो टूक, होम साइंस, म्यूजिक और फिलॉसफी में नहीं आएगी वैकेंसी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों से दो टूक कह दिया है कि अब किसी भी स्थिति में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए होम साइंस, लाइब्रेरी साइंस, म्यूजिक और फिलॉसफी में वैकेंसी नहीं आएगी। इसके लिए चल रहे आंदोलन को खत्म करने को कहा है। कुल मिलाकर आने वाले समय में एमपी पीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर की वैकेंसी तो निकालेगी। लेकिन इसमें इन चार सहित अन्य सब्जेक्ट नहीं होंगे। तर्क है कि पद भर देंगे तो भी छात्र कहां से आएंगे। क्योंकि इन चार सब्जेक्ट में अब एडमिशन न के बराबर हो रहे हैं।

लगातार घटते लगे हैं पद-वैसे भी पीएससी की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में विषय लगातार घट रहे हैं। 2022 की वैकेंसी में 34 विषयों के 1669 पद थे। 2024 की वैकेंसी में विषय घटकर 23 हो गए थे। जबकि 2024 में पद बढ़कर 1918 हो गए। 2025 की वैकेंसी में भी विषय फिर घटा दिए गए। इस बार सिर्फ 19 विषयों को शामिल किया है। कई अहम विषय रह गए हैं। सबसे ज्यादा हंगामा फिलॉसफी, होम साइंस, लाइब्रेरी साइंस व म्यूजिक जैसे विषयों को लेकर मच रहा है। यह है बड़ी वजह-उच्च शिक्षा विभाग होम साइंस व लाइब्रेरी साइंस सहित अन्य विषयों व स्पेशलाइजेशन में पद नहीं भरने का कारण भी बड़ा है। इनमें एडमिशन लगातार घट रहे हैं। इस बार पीएससी ने 19 विषयों के 12939 पदों पर वैकेंसी निकाली है। परीक्षा तीन चरणों में 12 जुलाई, 2 अगस्त व 30 अगस्त को आयोजित की जाएगी। उसके बाद इंटरव्यू किए जाएंगे। पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। जानकारों का कहना है कि जिन विषयों में सबसे ज्यादा एडमिशन हो रहे हैं और फैकल्टी कम हैं, उन्हें ही शामिल किया है। इस बार कॉमर्स में 88 तो मैथ्स में 107 पद हैं। जूलॉजी में रिकॉर्ड 119, बॉटनी में 125, केमिस्ट्री में 116 व फिजिक्स में 120 पद हैं। सर्वाधिक कॉमन विषय इंग्लिश में 56 व हिंदी में भी 57 पद हैं।

## संपादकीय

# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का 'सुरक्षा कवच', विकास की वेदी पर पर्यावरण की बलि नहीं!

यह छिपी बात नहीं है कि जितने बड़े इलाके में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं, वहां और उसके आसपास उसकी क्या अहमियत है। इसे सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि समूची पर्वत-श्रृंखला को एक जीवन-रेखा की तरह देखा जाता है। यह छिपी बात नहीं है कि जितने बड़े इलाके में अरावली की पहाड़ियां फैली हैं, वहां और उसके आसपास उसकी क्या अहमियत है। इसे सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि समूची पर्वत-श्रृंखला को एक जीवन-रेखा की तरह देखा जाता है। विडंबना यह है कि वहां खनन और अन्य गतिविधियों की वजह से पूरे क्षेत्र में पड़ने वाले प्रभाव और उसके नुकसानों को देखते हुए जब अरावली के संरक्षण के लिए स्वर तेज हो रहे हैं, वैसे में भी सरकार को नई परियोजनाओं के असर पर विचार करना जरूरी नहीं लग रहा है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट में गुरुग्राम और नूंह जिले में प्रस्तावित जंगल सफारी पर विस्तृत योजना जमा करना चाहती थी। हरियाणा सरकार की ओर से अदालत में यह दलील भी दी गई कि सफारी परियोजना की विस्तृत रपट में जरूरत की भूमि को दस हजार एकड़ से बदल कर तीन हजार तीन सौ एकड़ कर दिया गया है। मगर शीर्ष अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया और कहा कि जब तक विशेषज्ञ अरावली क्षेत्र की परिभाषा को बिल्कुल स्पष्ट नहीं कर देते, तब तक किसी को भी अरावली को छूने नहीं दिया जाएगा और कोई भी विकास या निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर में हरियाणा सरकार की प्रस्तावित 'अरावली जू सफारी' परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हालांकि सरकार का कहना था कि इस परियोजना के तहत विश्व की सबसे बड़ी सफारी तैयार की जाएगी, जिसमें बाघ, पक्षी, सरीसृप और तितलियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाए जाने थे। मगर भारतीय वन सेवा के पांच सेवानिवृत्त अधिकारियों और एक संगठन की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि पहले ही संकट का सामना कर रही अरावली पर्वत-श्रृंखला के लिए यह परियोजना विनाशकारी साबित होगी। यह समझना मुश्किल है कि 'जू सफारी' बनाने या ऐसी अतिरिक्त गतिविधियों को जहां समूचे अरावली क्षेत्र के लिए नुकसानदेह माना जा रहा है, पर्यावरणविद् इसके लिए चेताते रहे हैं, उस इलाके में अरावली के परिभाषित होने तक रुकना क्यों जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जिस पहलू को सरकार को खुद समझना चाहिए, उसके लिए शीर्ष अदालत को बताने की जरूरत क्यों पड़ रही है। दरअसल, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष नवंबर में अरावली पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक जैसी परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। हालांकि बाद में विशेषज्ञों की रपट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले इसके इलाकों में खनन के नए पट्टे देने पर रोक लगा दी थी। चार राज्यों और कई सौ किलोमीटर के क्षेत्र में फैली अरावली दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में एक है और यह थार मरुस्थल को पूर्व यानी दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फैलने से रोकने वाली एक प्राकृतिक ढाल के रूप में काम करती है। इसे समूचे उत्तर-पश्चिम भारत के लिए एक बेहद अहम पारिस्थिति तंत्र के रूप में देखा जाता है और भूजल के पुनर्भरण, मानसून को प्रभावित करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में अरावली की पहाड़ियों के जीवन-तत्त्व की अनदेखी कर अगर खनन या फिर किसी भी तरह की परियोजना पर काम किया जाता है, तो उसका व्यापक असर पड़ेगा। बेहतर हो कि किसी भी तरह की गतिविधि से पहले हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाए कि अरावली के अस्तित्व को कोई भी नुकसान न पहुंचे।

# पर्स उड़ाकर भाग रहा चोर हत्थे चढ़ा

## भीड़ ने जमकर पीटा, फिर पहुंचाया हवालात

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के तीन इमली चौराहे पर एक शातिर चोर को पर्स चुराकर भागना महंगा पड़ गया। राहगीरों और ऑटो चालकों ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस के हवाले करने से पहले गुस्से में आई भीड़ ने आरोपी की जमकर धुनाई भी कर दी।

पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार दोपहर करीब 2 बजे सियाराम तौल कांटा के सामने हुई। फरियादी सर्वेश कुमार गुप्ता निवासी न्यू पलासिया घर जाने के लिए ऑटो वाले से बात कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास खड़े बदमाश ने सफाई से उनकी पेंट की पिछली जेब में रखा पर्स पार कर दिया। पर्स में 10 हजार रुपये नगद और आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। सर्वेश को जैसे ही जेब खाली होने का अहसास हुआ, उन्होंने मुड़कर देखा तो एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में उनका पर्स लेकर भाग रहा था। सर्वेश ने तुरंत शोर मचाया, जिसे सुनकर वहां मौजूद ऑटो चालकों और अन्य राहगीरों ने आरोपी का पीछा किया और उसे घेरकर पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपी की जमकर पिटाई कर दी गई। सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान राजा पिता खेमा मोरे, निवासी शांति नगर मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया पर्स और नगदी बरामद कर ली है। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी राजा के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस को संदेह है कि वह बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड के आसपास भीड़भाड़ का फायदा उठाकर पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

# वॉटर प्लांट में नौकरी के पहले ही दिन युवक की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पलासिया थाना क्षेत्र के विनोबा नगर स्थित एक वॉटर प्लांट में काम के दौरान एक युवक की अचानक मौत हो गई। युवक मूलरूप से महाराष्ट्र का रहने वाला था और महज एक दिन पहले ही उसने प्लांट में नौकरी शुरू की थी। डॉक्टरों ने शुरुआती तौर पर मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक बताया है।

मृतक का नाम साजिद पिता शेख जफर (25), निवासी अकोला महाराष्ट्र है। वह फिलहाल इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में किराए से रह रहा था। प्लांट संचालक अंकित ने बताया कि दो दिन पहले वॉटर सप्लाई के दौरान साजिद मजदूर चौक पर मिला था, जहाँ से उसे काम के लिए साथ ले जाया गया था। साजिद ने खुद को अनुभवी ड्राइवर बताया था, जिसके बाद संचालक ने उसे नौकरी पर रख लिया। अगले दिन साजिद काम पर पहुँचा। वह प्लांट में काम कर ही रहा था कि अचानक उसे घबराहट हुई और वह लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़ा। साथ काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उसे तत्काल उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पलासिया पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# क्रेडिट कार्ड से लाखों का ट्रांजेक्शन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लसूडिया थाना क्षेत्र में अज्ञात आरोपी ने फरियादी के क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर अलग-अलग समय में लाखों का ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी को अंजाम दे दिया। पुलिस सायबर डेस्क की मदद से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सायबर धोखाधड़ी की वारदात फरियादी अमित पिता इमरतलाल जकनोरे निवासी श्रीनाथ सिटी ढाबली के साथ 4 फरवरी की रात में हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आज्ञात आरोपी ने कुछ ही मिनटों के अंतराल में मेरे क्रेडिट कार्ड से चार ट्रांजेक्शन कर लिए। इनमें 3 लाख 399 रुपए का ट्राजेक्शन अमेजन वेवसाइट से गिफ्ट आइटम के लिए किए गए। मामले में शिकायत बैंक और साइबर सेल को की जा चुकी है।

# शादी में हर्ष फायर कर इंस्टाग्राम पर वीडियो डालना पड़ा भारी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** सोशल मीडिया पर रील और वीडियो के जरिए रौब झाड़ना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतोदा में बेटे की शादी के दौरान बंदूक से हर्ष फायर करने और उसका वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक, रामप्रसाद पिता लक्ष्मीनारायण घोड़ेला निवासी ग्राम दतोदा ने अपने बेटे की शादी के जश्न में एक बंदूक से लापरवाही पूर्वक हर्ष फायर किया था। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जिसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया गया। वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसकी जानकारी पुलिस तक जा पहुँची। हर्ष फायर पर लगे प्रतिबंध के बावजूद सरेआम फायरिंग करना और जान जोखिम में डालने वाली इस लापरवाही को देखते हुए सिमरोल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद घोड़ेला की पहचान कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# कंपनी मैनेजर ने किया 25 लाख का गबन,ऑडिट में खुली पोल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक कंपनी के मैनेजर द्वारा लाखों रुपये की हेराफेरी करने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोपी ने कंपनी के डिपो से करीब 25 लाख रुपये की राशि का गबन किया, जिसका खुलासा ऑडिट के दौरान हुआ। पुलिस ने कंपनी संचालक की शिकायत पर मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी की यह वारदात सिल्वर हाउस, स्कीम नंबर 74-सी स्थित एक निजी कंपनी में हुई। कंपनी के संचालक अशोक पटेल ने पुलिस को बताया कि रामप्रवेश राजभर मूल निवासी चंद्रपुर, महाराष्ट्र उनकी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। रामप्रवेश पर कंपनी के डिपो की वित्तीय जिम्मेदारी थी, जिसका फायदा उठाकर उसने किस्तों में करीब 25 लाख 7 हजार रुपये से अधिक की राशि का गबन कर लिया। यह मामला पुराना बताया जा रहा है, जिसका खुलासा हाल ही में हुए आंतरिक ऑडिट के दौरान हुआ। जब कंपनी के खातों और स्टॉक का मिलान किया गया, तो डिपो की राशि में भारी अंतर पाया गया। कड़ाई से जांच करने पर पता चला कि मैनेजर रामप्रवेश ने रिकॉर्ड में हेरफेर कर यह राशि हड़प ली थी। विजय नगर पुलिस ने आरोपी रामप्रवेश राजभर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल तलावली चांदा क्षेत्र में रह रहा था।

## मामूली विवाद के बाद चाकूबाजी

# 'कीटाणु' ने युवक पर किया हमला, भाई को भी पीटा

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना इलाके के मांगलिया में आपसी विवाद के दौरान चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। यहाँ कीटाणु नामक बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर दो भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, वारदात शनिवार रात करीब 8:15 बजे इंदिरा नगर मांगलिया में हुई। फरियादी अंकुश परिहार (23) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी निलेश उर्फ कीटाणु और देवेन्द्र उर्फ भूरू उसे और उसके बड़े भाई यश को बिना कारण गालियां दे रहे थे। जब अंकुश ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपी कीटाणु ने अचानक चाकू निकाला और अंकुश पर वार कर दिया। चाकू अंकुश की जांघ के पास लगा, जिससे काफी खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई यश को भी आरोपी देवेन्द्र ने बेरहमी से पीटा। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि 'आज के बाद हमारे सामने आए तो जान से खत्म कर देंगे।' क्षिप्रा पुलिस ने अंकुश की शिकायत पर आरोपी निलेश उर्फ कीटाणु और देवेन्द्र उर्फ भूरू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बारिश के साए के बीच कोलंबो में आज जमेगा क्रिकेट का रंग

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला आज कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों देशों के फैंस या कहें पूरे दुनिया के क्रिकेट फैंस को बेसब्री से इंतजार था। हालांकि, अब मैच शुरू होने में कुछ ही घंटे बाकी हैं। भारत-पाकिस्तान अब तक इस वर्ल्ड कप में एक भी मैच नहीं हारी हैं। दोनों टीमों ने अब तक दो मुकाबले टूर्नामेंट में खेले हैं और दोनों में जीत दर्ज की है। ऐसे में एक हाई वोल्टेज मुकाबले की पूरी उम्मीद है।

### भारत-पाकिस्तान मैच की पिच रिपोर्ट

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच स्पिनर्स के लिए काफी ज्यादा अनुकूल मानी जाती है। यहां स्पिनर्स को काफी मदद मिलती है। इस टी20 वर्ल्ड कप में भी यही देखने को मिल रहा है। स्पिनर्स को अधिक मदद मिल रही है। बल्लेबाजों को यहां संभलकर बैटिंग करने की जरूरत है। मैदान बड़ा है तो चौके-छक्के लगाना भी आसान नहीं होगा। 160 से 180 रन का टारगेट यहां चुनौतीपूर्ण होगा। जिम्बाब्वे ने इसी मैदान पर बड़ा उलटफेर करते हुए हाल ही में ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया था। जिम्बाब्वे ने 170 रन का टारगेट डिफेंड किया था।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में अब तक कुल 62 टी20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 26 तो दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने 35 मुकाबले जीते हैं। आंकड़ों के हिसाब से भारत-पाकिस्तान में से जो भी टॉस जीतेगा वे पहले गेंदबाजी करने को देख सकता है। यहां पर टी20 में पहली पारी का औसत स्कोर 143 रन है।

### मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज,वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तानः** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सईम अयूब, शाहीन अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

# एमबीए छात्रा हत्याकांड, रिमांड पर लिया जाएगा कातिल पीयूष

### मोबाइल तोड़कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में हुई एमबीए छात्रा की सनसनीखेज हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी पीयूष धनोतिया को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस आरोपी का रिमांड मांगकर उससे हत्या से जुड़े कई अनसुलझे बिंदुओं पर पूछताछ करेगी। आरोपी को मुंबई से इंदौर लाया जा रहा है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सांवेर रोड स्थित निजी कॉलेज में पढ़ने वाली मृतका और आरोपी पीयूष पिछले कई महीनों से रिलेशनशिप में थे। बताया जा रहा है कि छात्रा लगातार शादी के लिए दबाव बना रही थी, वहीं आरोपी को प्रेम में धोखे का शक भी था। इन्हीं कारणों के चलते पीयूष ने उसे अंकल गली स्थित अपने कमरे पर बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। जांच में एक नया तथ्य यह भी सामने आया है कि मृतका और आरोपी के बीच प्रेम संबंधों की जानकारी दोनों के परिवारों को पहले से थी। युवती ने अपने परिवार को बताया था कि वह सही समय आने पर सब कुछ स्पष्ट कर देगी। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि हत्या के बाद वह साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से छात्रा का मोबाइल अपने साथ ले गया था और उसे तोड़कर फेंक दिया है। पुलिस अब उस स्थान की तलाश कर रही है जहाँ मोबाइल फेंका गया है। आरोपी ने हत्या के बाद छात्रा को बदनाम करने के लिए उसके 11 अश्लील वीडियो वायरल किए थे। शातिर आरोपी ने खुद का मोबाइल बंद कर इंदौर से एक नई सिम खरीदी थी और इसी सिम के जरिए वह अपने करीबियों के संपर्क में था। पुलिस आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकाल रही है। आरोपी पीयूष इंदौर से फरार होकर मुंबई और गोवा पहुँचा था। मुंबई पहुँचकर उसने जैसे ही मृतका के मोबाइल को ऑपरेट करने की कोशिश की, सायबर सेल ने उसकी लोकेशन ट्रैक कर ली।

# जमीन बंटवारे के विवाद में अपनों ने ही बहाया खून

**पिता और भाइयों ने मिलकर युवक को डंडों से पीटा**

**इंदौर।** चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में जमीन के बंटवारे को लेकर पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट इस कदर बढ़ी कि अपनों ने ही अपनों पर हमला कर दिया। ग्राम हरियाखेड़ी में एक युवक को उसके पिता और दो भाइयों ने मिलकर डंडों से बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता और भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम हरियाखेड़ी फाटा की है। फरियादी निलेश परमार और ललीताबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर में जमीन के बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान निलेश के पिता ध्रुवकुमार और भाई नितिन व राहुल विवाद करने लगे। बात बढ़ी तो आरोपियों ने निलेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब निलेश ने गालियां देने का विरोध किया, तो पिता और भाइयों ने डंडे निकालकर उस पर हमला बोल दिया। हमले में निलेश को गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आए अन्य सदस्यों को भी आरोपियों ने धमकाया। जाते-जाते आरोपियों ने निलेश को स्पष्ट शब्दों में जान से मारने की धमकी दी कि यदि दोबारा बंटवारे की बात की तो अंजाम बुरा होगा।?चंद्रावतीगंज पुलिस ने फरियादी निलेश की शिकायत पर आरोपी पिता ध्रुवकुमार, भाई नितिन और राहुल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# ग्रीनपार्क कॉलोनी में बिल्डिंग से कूदी महिला

### दूध डेयरी के काउंटर से टकराकर जमीन पर गिरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्रीनपार्क कॉलोनी में बीती रात एक महिला ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। महिला ऊपरी मंजिल से सीधे नीचे स्थित एक दूध डेयरी के काउंटर पर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना शनिवार रात करीब 10:45 बजे की है। ग्रीनपार्क कॉलोनी स्थित एक बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल से अचानक एक महिला नीचे कूदी। वह सीधे नीचे संचालित हो रही दूध डेयरी के बाहरी काउंटर से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर जमीन पर जा गिरी। तेज आवाज और महिला को गिरता देख डेयरी संचालक मंसूर पटेल व आसपास के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। महिला ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। दूध डेयरी के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि जिस समय महिला ऊपर से गिरी, उस समय दुकान के पास कुछ लोग मौजूद थे। महिला के काउंटर से टकराने के कारण दुकान का बाहरी हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

# छत्तीसगढ़ के युवक की हत्या का खुलासा

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में छत्तीसगढ़ निवासी खोजराम नारंगे की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने लूट की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया था।

सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों के नाम सुमित और लखन उर्फ लड्डू हैं।मृतक खोजराम नारंगे इंदौर के भागीरथपुरा में रहकर नौकरी करता था।हत्या के बाद पुलिस लगातार तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही थी। पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि वे नशे की हालत में थे और उनका उद्देश्य लूटपाट करना था, लेकिन विरोध करने पर उन्होंने युवक की हत्या कर दी।?इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के बाद इंदौर पुलिस आज दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारी वारदात के पूरे घटनाक्रम, आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड और उनके पास से बरामद सामान के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। वहीं बाणगंगा इलाके में दंपति के घर हुई 60 लाख की चोरी के मामले में भी पुलिस को अहम सुराग हाथ लग चुके है।उम्मीद है कि आज इसका भी खुलासा कर दिया जाएगा।


**The Court of I District and Session Judge, Civil Court Sardarpur, Dhar**
**Presiding Officer: हेमंत कुमार यादव**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
**( MCA/000000251/2022 )**
**अशोक कुमार............बादी**
**Vs**
**मृतक सीताबाई वारिसान सीताबाई.................प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 17/03/2026**

**प्रेषिती-**
**( 1 )संगीताबाई पति हिरेन्द पोरवाल पता-निवासी 40 त्रिमूर्ति नगर धार जिला धार म.प्र.**

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अतर्गत आदेश । नियम 10 सहपठित धारा 151 व्यवहार प्रकिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 30 ज़नवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**( हेमंत कुमार यादव )**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सरदारपुर जिला धार**



**The Court of I District and Session Judge, Civil Court Sardarpur, Dhar**
**Presiding Officer: हेमंत कुमार यादव**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
**( MCA/0000001/2024 )**
**अशोक कुमार............बादी**
**Vs**
**मृतक सीताबाई वारिसान सीताबाई.................प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 17/03/2026**

**प्रेषिती-**
**( 1 )संगीताबाई पति हिरेन्द पोरवाल पता-निवासी 40 त्रिमूर्ति नगर धार जिला धार म.प्र.**

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार ने आपके विरूद्ध विविध अपील अंर्तगत आदेश 43 नियम 1 सहपठित धारा 104 सी.पी.सी. के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**( हेमंत कुमार यादव )**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सरदारपुर जिला धार**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती शकीला बी पति श्री अब्दुल हफीज** पता-545 पैकी भाग सांई पेरेडाइज ग्राम निहालपुर मुंडी इन्दौर द्वारा झोन क्र 21 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003125422 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.21 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.21**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती शबीना बी पति श्री मोहम्मद आसिफ खान, श्रीमती आमना खान पति श्री जाहिद खान** 545 सांई पेरेडाइज ग्राम निहालपुर मुंडी द्वारा झोन क्र 21 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003125422 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.21 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.21**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# पहले से तैयार थी टीम और अब पूरा ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर



**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान महामुकाबले से पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कप्तान सूर्या ने इस मैच से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। सूर्यकुमार यादव ने इस दौरान कहा कि टीम किसी भी परिस्थिति के लिए पहले से तैयार थी और अब पूरा ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर है। मैच को लेकर चली चर्चाओं पर सूर्यकुमार ने कहा कि भारतीय टीम अपने तय कार्यक्रम के अनुसार तैयारी कर रही थी। उन्होंने कहा, हम शेड्यूल के हिसाब से तैयारी कर रहे थे। हमारी फ्लाइट्स बुक थीं। हम पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह तैयार थे।

उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका में टीम ने काफी द्विपक्षीय सीरीज खेली हैं, इसलिए यहां की परिस्थितियां नई नहीं हैं। सूर्या ने कहा कि हम यहां काफी क्रिकेट खेल चुके हैं, इसलिए हालात और पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं। दरअसल, पाकिस्तान की टीम करीब एक हफ्ते से श्रीलंका में है। इसलिए सवाल उठ रहे थे कि पाकिस्तान के पास तैयारियों के लिए ज्यादा मौका है।

पाकिस्तान के कप्तान की ओर से अभिषेक शर्मा को खिलाने की इच्छा जताए जाने पर सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान चाहता है कि हम कल अभिषेक को खिलाएं, तो ठीक है हम उन्हें खिलाएंगे।

### हैंडशेक पर क्या बोले सूर्या

मैच से पहले और बाद में हैंडशेक होगा या नहीं? इस सवाल पर सूर्यकुमार ने माहौल हल्का कर दिया। उन्होंने कहा, इसे मैच के समय पर छोड़ दीजिए। आप आज अच्छी नींद लीजिए, कल देखिए क्या होता है। सूर्या ने ये बात हंसते हुए कही।

### अतिरिक्त पेसर या स्पिनर? मुश्किल फैसला

प्लेइंग इलेवन को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि टीम एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज उतारेगी या अतिरिक्त स्पिनर। इस पर कप्तान ने माना कि फैसला आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास क्वालिटी स्पिनर भी हैं और क्वालिटी पेसर भी। एक्स्ट्रा पेसर और एक्स्ट्रा स्पिनर के बीच चुनाव करना आसान नहीं है। यह बहुत मुश्किल फैसला है।

भारत और पाकिस्तान के बीच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला ग्रुप की शीर्ष स्थिति तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। ऐसे में टीम संयोजन और रणनीति दोनों ही निर्णायक होंगे। वहीं, सूर्या ने उस्मान तारिक को लेकर कहा कि हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए उसकी तैयारी पूरी है।

### पाक कप्तान ने क्या कहा

भारत-पाक मुकाबले को लेकर हमेशा रहने वाले दबाव और हाइप पर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने कहा कि उनकी टीम मानसिक रूप से तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका में खेलना पाकिस्तान के लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि टीम को यहां की परिस्थितियों और पिच को समझने का मौका मिला है।

### इतिहास नहीं बदल सकते, लेकिन

विश्व कप में भारत के खिलाफ खराब रिकॉर्ड को कप्तान ने ईमानदारी से स्वीकार किया। उन्होंने कहा, स्पष्ट रूप से विश्व कप में भारत के खिलाफ हमारा रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। हम इतिहास नहीं बदल सकते। लेकिन उम्मीद है कि कल हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे।



# पहलवानों ने 2 स्वर्ण व 8 पदक जीते

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि गाजियाबाद में सम्पन्न राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती में मध्यप्रदेश के पहलवानों ने तहलका मचाते हुये 8 पदक जीते जिसमें 2 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य पदक हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रियांशी प्रजापत ने व नीरज पटेल ने स्वर्ण पदक जीते। मिहिका सोनकर, शिवानी शर्मा, गोपाल यादव ने रजत पदक जीते, रेखा जाट, महेश राठौर, अभिषेक यादव ने कांस्य पदक जीते। ओलम्पियन पप्पू यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रियांशी ने स्वीटी हरियाणा को 7-5 से हराया, जबकि स्वीटी विश्व चैम्पियन के साथ एशिया चैम्पियन भी हैं।

### वेटलिफ्टिंग पावरलिफ्टिंग व बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 17 से

**इंदौर।** महाराजा रणजीत सिंह महाविद्यालय, इंदौर को म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग,पावरलिफ्टिंग (पुरुष/महिला) बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता 17 एवं 18 फरवरी को महाविद्यालय के तत्वावधान में श्रीराम जिम्नेशियम रोबोट स्क्वायर के पास एम.आर. 9, इंदौर पर आयोजित की जायेगी। आयोजन समिति के संगठन सचिव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य , डॉ.आनंद निघोजकर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के समस्त परंपरागत विश्वविद्यालय के समस्त विधा के लगभग 125 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी भाग लेंगे । स्पर्धा के अपर संगठन सचिव व महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी ने बताया कि इस स्पर्धा का शुभारंभ 17 फरवरी को सुबह 11.30 बजे उक्त स्पर्धा स्थल पर सावन सोनकर, गौरव रणदिवे एवं सतविंदर सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा ।

# अभिषेक ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले दिखाई फिटनेस



**कोलंबो।** भारतीय टीम की चिंता कम हो गई जब अभिषेक शर्मा ने कोलंबो में नेट सेशन में अच्छी बल्लेबाजी की। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले युवा ओपनर ने अपनी फिटनेस दिखाई। नामीबिया के खिलाफ मैच में पेट की दिक्कत के कारण बाहर रहे अभिषेक ने दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज कराया था, जिससे भारत-पाकिस्तान मैच में उनकी उपलब्धता पर सवाल था। बाएं हाथ के ओपनर अभिषेक शर्मा ने कल करीब 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की और पूरी तरह फिट नजर आए। भारत का अभ्यास हल्की बारिश के कारण इंडोर हुआ। अभिषेक ने शुरुआत में कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन गेंदबाजी का सामना किया और आक्रामक शॉट लगाए, जिसे पाकिस्तान के स्पिन अटैक के लिए संकेत माना जा रहा है। इसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी अच्छे शॉट खेले। उनके फुटवर्क में ज्यादा हलचल नहीं थी, लेकिन तेज हाथों और गेंद की लेंथ को समझने की क्षमता ने इसकी कमी पूरी कर दी।

भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक पहले ही अभिषेक की तारीफ कर चुके हैं। कोटक ने कहा था कि अभिषेक गेंद के हिसाब से शॉट खेलते हैं और शनिवार को अभ्यास में भी ऐसा ही दिखा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी कहा था कि अभिषेक मैच के लिए तैयार हैं। उन्होंने मजाक में कहा, अगर आप चाहते हैं कि वह खेलें तो हम उन्हें कल खिलाएंगे। अगर अभिषेक वापसी करते हैं तो संजू सैमसन को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ सकता है।

# साउथ अफ्रीका टी20 वर्ल्ड कप सुपर 8 में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 में जगह पक्की कर ली। एडेन माक्रम की कप्तानी वाली टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। माक्रम ने अकेले अपने दम पर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाए जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इस जीत से साउथ अफ्रीका के 3 मैचों में छह अंक हो गए हैं और वह ग्रुप डी के पॉइंट टेबल में टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। साउथ अफ्रीका का नेट रनरेट 1.477 है। इस ग्रुप में 4 अंक लेकर न्यूजीलैंड दूसरे और दो अंकों के साथ यूएई तीसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका ने टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को लगातार पांचवीं बार हराया। साउथ अफ्रीकी टीम वर्चुअली अंतिम 8 में पहुंच गई है अभी इसका ऑफिशियली ऐलान नहीं हुआ है। मार्को यानसन (40/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान एडेन मारक्रम की आक्रामक बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 17 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

# राऊ क्लब की शानदार जीत

**इंदौर ।** आईडीसीए के तत्वाधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसीय स्पर्धा जो कि सफेद बॉल एवं रंगीन ड्रेस में खेली जा रही है उसके अंतर्गत इंदौर स्पोर्ट्स व राऊ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 37 ओवरो में सभी विकेट खोकर 195 रन बनाये। अनिल मौर्य ने सर्वाधिक 47 रन बनाये। रोनक मीणा व शुभम गुंजाल ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में राउ क्लब ने 26 ओवरो में 3 विकेट खोकर 195 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया । प्रखर शर्मा ने नाबाद 62 रन एवं विनय चटर्जी ने 50 रन बनाय।

### विजय क्लब की रोमांचक विजय

इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच विजय क्लब एवं एवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 39 ओवरोमें सभी किविट खोकर 176 रन बनाये । प्रींस वाधवानी ने सर्वाधिक 59 रन बनाये । दीपक भूरिया एवं विनय गरासिया ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम ने 32 ओवरो में 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । निशांत सिंह ने सर्वाधिक 46 रन एवं दीपक भूरिया ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 39 रन बनाये।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एमवायसीसी के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 296 रन बनाये । देव बरनाले ने 84 रन एवं हर्ष यादव ने 63 रन बनाये । साद नागोरी ने 4 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम 23 ओवरो में सभी विकेट खोकर 127 रन बनाकर सिमट गई और यह मैच 169 रनों से विशाल अंतर से हार गई । दर्शन राठौर ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। मृदुल शुक्ला ने घातक गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 5 विकेट एवं मोहित पटेल ने 2 विकेट लिये।

# जिला मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा 19 फरवरी से

**इंदौर ।** जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक फार्मा ट्रॉफी 9वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा 19 से 22 फरवरी तक नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में होगी। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर.पी सिंह नैयर और अनिल सतवानी ने बताया कि स्पर्धा में 35द्द से 80+ तक के पुरुष और महिला एकल, युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले होंगे। जिला स्पर्धा में पहली बार 80+ के मुकाबले भी रखें गए हैं, स्पर्धा के लिए प्रविष्टियां सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, मनीष त्रिवेदी आदि को 17 फरवरी तक दी जा सकती हैं । स्पर्धा के प्रदर्शन आधार पर इंदौर जिला बैडमिंटन टीम का चयन होगा, जो भोपाल में 5 मार्च से होने वाली 8वीं मप्र राज्य मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा लेगी । 35+,40+, 45+, 50+, 55+,60+, 65+, 70+, 75+, और 80+ के एकल और युगल मुकाबले नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हॉल के दो कोर्ट पर होंगे, प्रविष्टि आयु प्रमाण के साथ देनी है।

# पानी के टैंकर ने दूल्हे की कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बची बारात






**इंदौर।** खुशियों के माहौल के बीच शनिवार शाम एबी रोड पर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। धामनोद से इंदौर आ रही एक बारात की कार को तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में दूल्हा और उनके परिजन पूरी तरह सुरक्षित हैं, हालांकि टक्कर के बाद टैंकर सड़क पर ही पलट गया।

पुलिस के मुताबिक, हादसा पीथमपुर सेक्टर-1 क्षेत्र में संजय जलाशय के समीप हुआ। दूल्हा कार क्रमांक एमपी-10 टी 1697 में सवार होकर अपनी बारात के साथ धामनोद से इंदौर की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित पानी के टैंकर ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर बीच सड़क पर पलट गया, जिससे टैंकर चालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर राहगीरों की मदद से पलटे हुए टैंकर को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारु कराया। दूल्हे की कार क्षतिग्रस्त होने के कारण, उसे पीछे आ रही बारात की बस में बैठाकर इंदौर के लिए रवाना किया गया। सूचना मिलते ही पीथमपुर पुलिस बल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने बताया कि किसी के हताहत न होने से बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल टैंकर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 10 हजार का इनामी गांजा तस्कर गिरफ्तार



**इंदौर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को तीन इमली बस स्टैंड से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। क्राइम ब्रांच ने कुछ समय पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गोरेलाल निंगवाल को पकड़ा था। उसके कब्जे से 21 किलो 505 ग्राम गांजा अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 8 लाख रुपये और तस्करी में प्रयुक्त एक चारपहिया लोडिंग वाहन जब्त किया गया था। पूछताछ में फरार आरोपी मगन अखाड़े निवासी बागली, जिला देवास की भूमिका सामने आई थी, जिसके बाद उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इनामी तस्कर मगन अखाड़े शहर से बाहर भागने की फिराक में तीन इमली बस स्टैंड पर खड़ा है। पुलिस ने बिना देरी किए तकनीकी विश्लेषण और घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वे सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर इंदौर के नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। फरार इनामी बदमाश को पकड़ने वाली टीम को घोषित इनाम राशि दी जाएगी। पुलिस अब मगन से उसके अन्य साथियों और नशे के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है ताकि तस्करी की जड़ तक पहुँचा जा सके।

# 5 रुपए का पुराना नोट बेचने के चक्कर में गंवाए 9 लाख

## इंस्टाग्राम रील देखकर ठगों के जाल में फंसा युवक

**इंदौर।** सोशल मीडिया पर लुभावने विज्ञापनों के जरिए ठगी करने वाले गिरोह ने अब इंदौर के देहात क्षेत्र में एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पुराने नोट के बदले लाखों रुपये दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने एक युवक से करीब सवा 9 लाख रुपये ऐंठ लिए। बेटमा पुलिस ने सायबर सेल की मदद से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ठगी की यह वारदात ग्राम बगोदा बेटमा निवासी अरुण शर्मा पिता ओमप्रकाश के साथ हुई। अरुण ने 31 दिसंबर 2025 को अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम चलाते समय एक विज्ञापन रील देखा था। इस रील में दावा किया गया था कि यदि किसी के पास 5 रुपये का पुराना नोट है, तो उसके बदले लाखों रुपये मिल सकते हैं। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर अरुण ने जैसे ही संपर्क किया, वह ठगों के जाल में फंस गया। आरोपियों ने अरुण को बातों में उलझाकर बताया कि उसके पास मौजूद पुराने नोट की कीमत 35 लाख रुपये है। इस राशि को रिलीज करने के लिए आरोपियों ने फाइल चार्ज, जीएसटी, आरबीआई क्लियरेंस और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर अरुण से अलग-अलग किस्तों में कुल 9 लाख 20 हजार 150 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। जब काफी समय बाद भी अरुण को 35 लाख रुपये नहीं मिले और आरोपियों ने और पैसों की मांग की, तब उसे ठगी का अहसास हुआ। बेटमा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर जांच के बाद कल अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जिन बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की गई है, उनकी जानकारी निकाली जा रही है। सायबर एक्सपर्ट्स की मदद से आरोपियों की लोकेशन और इंस्टाग्राम आईडी को ट्रैक किया जा रहा है।

# फांसी के फंदे से बची शिक्षिका आंचल चाह रही है न्याय



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**कई दिनों बाद पुलिस अभी भी कह रही है चल रही है जांच**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुशवाह नगर में बोरिंग विवाद में भाजपा नेत्री और महिला शिक्षिका के बीच विवाद में यह स्थिति बन गई थी कि शिक्षिका को फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश हुई थी। इस मामले में शिक्षिका को फंदा लगाने के बाद परिजनों ने समय पर उतार लिया था और उसके बाद उन्हें एमवाय अस्पताल दाखिल किया गया था, अब उन्हें आईसीयू से रूम में शिफ्ट कर दिया गया है। पहले विवाद में भाजपा नेत्री की शिकायत पर शिक्षिका आंचल गुप्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था और प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही शिक्षिका विचलित थी। इस मामले में ताकतवर राजनेताओं का हस्तक्षेप भी हुआ था। इस पूरे मामले में पुलिस भी अपने हाथ बचाने में लगी है। इस मामले में पुलिस बाणगंगा से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि इस पूरे मामले में जांच चल रही है। अब प्रश्न यह है कि मामले को 5 दिन हो चुके हैं और पुलिस अभी भी जांच कर रही है, जबकि शिक्षिका परिवार न्याय की उम्मीद कर रहा है। पुराना प्रकरण रद्द करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। शिक्षिका आंचल गुप्ता ने कहा था कि अभी तो वह फंदे से बच गई है, लेकिन न्याय नहीं मिला तो वह फिर से आत्महत्या कर लेगी। पूरे मामले में पुलिस पर भी अंगुलियां उठ रही हैं। क्योंकि कार्रवाई शिक्षिका पक्ष पर ही हुई थी। शिक्षिका आंचल पति धर्मेन्द्र गुप्ता कुशवाह नगर में रहती है। इधर शिक्षिका के परिजनों ने खुले रूप से कई बड़े नाम पर आरोप भी लगाए हैं।

# यमराज स्वरूप ने दिया यातायात जागरूकता संदेश



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर यातायात पुलिस लगातार नितनए प्रयास करती है। कल भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने सड़क दुर्घटना में अकाल मृत्यु से बचने के उद्देश्य से यमराज स्वरूप बनाकर यमराज के माध्यम से यातायात जागरूकता और अकाल मृत्यु से बचने का संदेश दिया। यह यमराज वाहन चालकों के बीच पहुंचकर संदेश दे रहे थे। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने और तेज गति के दुष्परिणाम से लेकर रेड लाइट पर वाहन नहीं चलाने, स्टाप लाइन से पीछे खड़े रहने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की जानकारी भी दी जा रही थी जो वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाते दिखे उन्हें उपहार और चॉकलेट भी प्रदान की गई।

# सराफा में बदमाश ने उड़ाया महिला का पर्स

**इंदौर।** भीड़भाड़ वाले सराफा क्षेत्र में एक चाट दुकान के सामने से एक महिला का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पर्स में सोने के जेवर और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सराफा पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, यह वारदात 13 फरवरी की शाम करीब 6:45 बजे सराफा स्थित विजय चाट हाउस के सामने हुई। फरियादी ज्योति तिवारी निवासी प्रकाश नगर, नागदा जंक्शन सराफा बाजार में खान-पान के लिए रुकी थीं। इसी दौरान अज्ञात बदमाश ने उनकी नजर बचाकर पर्स पार कर दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि चोरी हुए पर्स में सोने की कान की चार रिंग, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड रखे हुए थे। काफी तलाश के बाद जब पर्स का पता नहीं चला, तो महिला ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।